हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## ई-रिक्शा हटे, शास्त्री चौक हुआ खूबसूरत, न ट्रैफिक जाम न भीड़भाड़

**रायपुर।** राजधानी के शास्त्री चौक से ई रिक्शा हटते ही अब यह चौक पहले से ज्यादा सुंदर नजर आने लगा है। न यहां गाड़ियों की भीड़ है, न ही लोगों को ट्रैफिक जाम की चिंता। इससे न केवल शहरवासी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रोज शहर पहुंचने वालों को भी इस नई व्यवस्था से राहत मिली है, पर शहर के पचपेड़ीनाका चौक, भाठागांव ब्रिज के पास और रायपुरा ओवर ब्रिज के पास अभी भी लोगों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। ई रिक्शा हटने की वजह से इससे यहां का ट्रैफिक पहले से ज्यादा सुगम हो चला है। सड़कें चौड़ी और यातायात का दबाव कम होने से दुर्घटना होने का अंदेशा भी कम हुआ है।



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
पता :- फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ मो.: 7697212782, 6263775269

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर दहशत फैलाते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक बदमाश के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस को 18 फरवरी को सूचना मिली कि शिवानंद नगर में एक बदमाश चाकू लेकर आम लोगों को डरा-धमका रहा है। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पूछताछ पर आरोपी की पहचान एस. आशीष कुमार निवासी शिवानंद नगर के रूप में की गई। स्थानीय लोगों से पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। पुलिस ने इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 16-17 फरवरी की दरमियानी रात की है। प्रार्थिया पुष्पालता पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घटना के दिन उसका पूरा परिवार मकान में ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। वापस लौटे तो घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया और अंदर कमरे की आलमारी में रखे सोने के जेवर, मोबाइल व नकदी समेत कुल 80 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में धारा 331-4, 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

अचानक ट्रेन रद्द होने से कई यात्री प्रयागराज में फंसे, कन्फर्म टिकट के इंतजार में लोग परेशान

# सफर के 24 घंटे पहले सारनाथ रद्द, रायपुर से 4000 यात्रियों का महाकुंभ जाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 19 से 21 फरवरी तक परिचालनिक कारणों से रेलवे ने सारनाथ एक्सप्रेस को किया गया रद्द
- प्रयागराज जाने और लौटने के लिए 3 ट्रेनों की सुविधा, लेकिन सभी ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार

महाकुंभ में शामिल होने के लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब रेलवे ने मात्र 24 घंटे पहले परिचालन कारणों से ट्रेन को अप-डाउन तीन दिनों के लिए रद्द कर दिया। इससे रायपुर से लेकर प्रयागराज और बिहार जाने वाले हजारों यात्री फंस गए हैं। अब यात्री सोच रहे हैं कि महाकुंभ जाने के लिए कैसे सफर करें। कुछ समय पहले ही बड़ी संख्या में यात्रियों ने एडवांस बुकिंग करवाई थी, ताकि आराम से सफर किया जा सके, लेकिन अब अचानक ट्रेन रद्द हो जाने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। कई यात्री रिफंड और दूसरी ट्रेन में बुकिंग के लिए आरक्षण केंद्र पहुंचे।

वर्तमान में प्रयागराज जाने के लिए तीन अन्य ट्रेनें उपलब्ध हैं, लेकिन इन ट्रेनों में वेटिंग 50 से 100 के बीच है, जो कन्फर्म होने की संभावना को लगभग न ⏭ शेष पेज 13 पर

### कन्फर्म टिकट के लिए करना होगा इंतजार

महाकुंभ के लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सफर कर रहे यात्री अब गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर समेत अन्य स्टेशनों से रोजाना हजारों यात्री ट्रेन से सफर कर रहे थे, लेकिन रेलवे द्वारा अचानक ट्रेन को रद्द करने से यात्री चौंक गए। हालांकि रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया था, लेकिन फिर भी सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ कम नहीं हुई थी। अब ट्रेन के रद्द होने से बिहार और प्रयागराज जाने वाले कई यात्री रायपुर में ही फंस गए हैं, तो वहीं महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए लौटना भी मुश्किल हो गया है। कई यात्रियों को अब एक या दो दिन तक ट्रेन के कन्फर्म टिकट के लिए इंतजार करना पड़ेगा।



### यात्रियों ने कहा पहले से होनी चाहिए जानकारी

रेलवे के इस फैसले से यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा है। तीन दिनों तक ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों में असंतोष है और वे इसकी शिकायत भी कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को पहले से इसकी जानकारी होनी चाहिए थी, ताकि उन्हें इतनी बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़ता। सारनाथ में इन दिनों सर्वाधिक यात्री प्रयागराज जा रहे हैं। इसके साथ छपरा के यात्री हैं।

### आज प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग बढ़ी यात्री परेशान

19 फरवरी को प्रयागराज जाने के लिए रायपुर से तीन ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, लेकिन इन ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बरौनी एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास से लेकर सेकेंड और फर्स्ट एसी तक की बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। थर्ड एसी में भी तत्काल बुकिंग के लिए 70 वेटिंग चल रही है। इसके अलावा, दुर्ग स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास में 96 वेटिंग है और एसी में 50 से अधिक वेटिंग चल रही है। दुर्ग नवतनवा ट्रेन में भी स्लीपर और एसी दोनों क्लास में 100 से अधिक वेटिंग हो चुकी है। इस स्थिति को देखकर यात्रियों में निराशा और घबराहट है।

## शराब घोटाले में कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड 4 मार्च तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाले में फंसे प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री एवं कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद कम दिखाई दे रही है।



पूर्व मंत्री को मंगलवार को न्यायिक रिमांड की अवधि पूरी होने पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 14 दिनों के लिए उनकी न्यायिक रिमांड फिर बढ़ाने का आदेश सुनाया है। इस आदेश के बाद अब पूर्व मंत्री को 4 मार्च को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### अग्रिम जमानत याचिका पूर्व में हो चुकी है खारिज

कवासी लखमा की अग्रिम जमानत की याचिका ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है। कवासी की ओर से वकील ने दो सप्ताह पूर्व उसके बचाव पक्ष में उसे निर्दोष बताते हुए झूठे मामले में फंसाने और परेशान करने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही ईडी को छापेमारी के दौरान उनके घर से एक पैसा भी बरामद और आपत्तिजनक दस्तावेज नहीं मिलने की जानकारी दी थी, वहीं ईओडब्ल्यू की ओर से इस मामले में कवासी लखमा पर शराब घोटाले में हर महीने 50 लाख रुपए कमीशन सहित करीब दो करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाते हुए अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करने की मांग की गई थी। कोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से इस याचिका पर जमकर ⏭ शेष पेज 13 पर

## रायपुर महापौर और पार्षद महाकुंभ में डुबकी लगाने प्रयागराज रवाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नगरीय निकाय चुनाव के सहसंयोजक विधायक राजेश मूणत भी साथ गए

प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और सांसदों के बाद अब राजधानी रायपुर के नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे भाजपा के सभी पार्षदों के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए परिवार के साथ मंगलवार को रायपुर से बसों से प्रयागराज के लिए रवाना हुईं। इनके साथ रायपुर पश्चिम के विधायक और नगरीय निकाय चुनाव के सह संयोजक राजेश मूणत, शहर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर और रायपुर भाजपा संगठन के कई पदाधिकारी भी गए हैं। प्रयागराज से लौटने के बाद ही महापौर और पर्षदों का शपथ ग्रहण सामान्य सभा में होगा। नगरीय निकाय चुनाव ⏭ शेष पेज 13 पर

## क्वींस क्लब पर 3 करोड़ बकाया, सील करने निकली टीम से 28 तक मांगी मोहलत, आश्वासन पर लौटा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- वीआईपी रोड स्थित क्वींस क्लब पर 4 साल का संपत्ति कर बकाया

एयरपोर्ट रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर बने क्वींस क्लब पर करीब 4 करोड़ रुपये बकाया है। क्लब प्रबंधन ने नगर निगम को 4 साल का संपत्ति कर भुगतान नहीं किया है। मंगलवार को निगम मुख्यालय और जोन 9 की संयुक्त टीम क्लब को सील करने का आदेश लेकर निकली। क्लब प्रबंधन ने बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए 28 फरवरी तक की मोहलत मांगी। निगम की टीम ने आग्रह को मानते हुए बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए 28 तक समय दिया है। निर्धारित समय अवधि में बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर क्लब को सील करने की कार्रवाई की जायेगी।

दरअसल, मंगलवार दोपहर को नगर निगम मुख्यालय का राजस्व अमला और जोन 9 की टीम क्वींस क्लब को सील करने की कार्रवाई करने निकली। स्पॉट पर क्वींस क्लब की ओर से बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए 28 तारीख तक का समय मांगा गया। केवल मौखिक आश्वासन पर निगम की टीम लौट गई। उपायुक्त राजस्व अंजली शर्मा ने बताया कि क्वींस क्लब पर 4 साल का संपत्ति कर बकाया है। यह राशि 2 करोड़ ⏭ शेष पेज 13 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## रविवि ने बदला समय, सुबह 7 बजे से होगी परीक्षा, 11 से 3 पर्चे नहीं इस दौरान लगेंगी सेमेस्टर कक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर का असर

- एक मार्च से शुरू हो रही है रविवि की वार्षिक परीक्षाएं, मई अंत तक चलेंगे पर्चे

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने वार्षिक परीक्षाओं की समय-सारिणी में बदलाव कर दिया है। प्रथम वर्ष की कक्षाएं बाधित ना हो, इसलिए यह बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत वर्तमान सत्र से स्नातक स्तर की परीक्षाएं वार्षिक आधार पर ना करके सेमेस्टर आधार पर की जा रही हैं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्ति की ओर है। ⏭ शेष पेज 13 पर

### प्रथम पाली की परीक्षाएं 7 बजे से

रविवि द्वारा पूर्व में जारी समय-सारिणी के अनुसार, प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षाएं दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित की जानी थी। अब प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 6 बजे तक आयोजित होगी। 10 बजे से 3 बजे तक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। रविवि ने महाविद्यालयों को सूचित करने के साथ ही अपने वेबसाइट पर भी संशोधित समय-सारिणी अपलोड कर दी है। परीक्षा तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। केवल समय में ही परिवर्तन किया गया है।

### तैयारियों के लिए मात्र 60 से 90 दिन

द्वितीय सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं जून में संभावित हैं। जबकि प्रायोगिक परीक्षाएं मई माह में होगी। कक्षाएं मार्च माह से शुरू हो रही हैं। इस तरह से विद्यार्थियों को तैयारी के लिए मात्र 60 से 90 दिनों का ही समय तैयारियों के लिए मिलेगा। इस कारण भी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त होते ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षाएं भी आयोजित होंगी।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™

**निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर**

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 19 फ़रवरी से 22 फ़रवरी
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)



- श्रवण यंत्र पर भारी छूट
- कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
- स्पीच थेरेपी



Google Rating PHILIPS 9659 455 455

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इंदीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, नगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, न्यू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप



### राजिम कुंभ में रामेश्वरम मानस परिवार पारागांव की प्रस्तुति

**आरंग।** रविवार को संस्कृति विभाग के सहयोग से श्री रामेश्वरम मानस परिवार पारागांव आरंग के मानस मंडली की राजिम कुंभ में प्रस्तुति हुई। संगीतमय मानस भजन को श्रोताओं ने खूब सराहा। मानस परिवार के सदस्यों ने बताया राजिम कुंभ में प्रस्तुति के लिए संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से इस मंडली को आमंत्रित किया था। अंचल के मानस मंडलियों व व्याख्याकारों को राजिम कुंभ में अवसर प्रदान करने से मानस परिवार हर्षित हैं। वहीं सुमधुर संगीतमय मानस गान की प्रस्तुति पर मानस के कलाकारों को सम्मानित किया गया।

### वार्ड 8 से बलविंदर भारी मतों से जीते

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर के चुनाव मे एक भी पूर्व पार्षद चुनाव में दोबारा नहीं जीत पाए। वहीं लगातार चौथी बार चुनाव में जीत हासिल करने वाले वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद बलविंदर गांधी इस बार के निर्वाचित पार्षदों में सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकार्ड बनाया है। विजयी होने के बाद कहा कि जीत का मूलमंत्र जनता से सदैव सतत संपर्क में बने रहने के कारण ही वार्ड के लोग लगातार आशीर्वाद देते आ रहे हैं, वार्डवासियों की सेवा का फल ही है कि विषम परिस्थितियों में भी हमें अपना प्रतिनिधि चुनते आ रहे हैं तथा इस सहयोग के लिए अपने आप को ऋणी मानता हूं।



### कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**अभनपुर।** नवजागरण सत्संग समिति एवं ग्रामवासी खोरपा के तत्वाधान मे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलशयात्रा व विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। यह आयोजन गांधी चौक खोरपा में 18 से 25 फरवरी तक चलेगा। समिति के सदस्यो ने बताया इस सात दिवसीय भागवत कथा में कथा वाचक परम पूज्या डॉ. भारती यामिनी देवी 7 दिनों तक अलग-अलग सारगर्भित कथा, सार, प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का अमृतमयी रसपान कराएंगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## निधन

### चंद्रहास साहू

**आरंग।** ग्राम गोईंदा निवासी 67 वर्षीय चंद्रहास साहू का बीते बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे हेमीन साहू के पति व झम्मन साहू के पिता थे।



---

### मुख्यमंत्री से मिले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और धमतरी के महापौर और पार्षद

# साय बोले- अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर-पार्षदों की भूमिका होगी अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा, वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। हमारे अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर और पार्षदों की भूमिका अहम होगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा, भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं।





### जनता से लगातार संपर्क करें

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें, अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जानें, इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

### सीएम से मिले ये महापौर

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने निवास पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, रायपुर की महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे।

### मेयरों से मिले सीएम, कहा- अब वार्डों का हो समग्र विकास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा है कि वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। श्री साय से नव निर्वाचित मेयरों ने मुलाकात की।

#### वादों को पूरा करना है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं। नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जाने इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

#### नव निर्वाचित मेयरों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास पर दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री से उनके निवास पर रायपुर एवं बिलासपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे एवं पूजा विधानी ने मुलाकात की। श्री साय ने उन्हें नव दायित्व के लिए बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रही।

---

# छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 9 आईपीएस अफसरों को बैच आवंटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 9 वरिष्ठ अफसरों को बैच आवंटन कर दिया है। आईपीएस अवार्ड अफसरों को वरिष्ठता के आधार पर 2014 से 2016 बैच का आवंटन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उमेश चौधरी, मनोज कुमार खिलारी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत, दर्शन सिंह मरावी, झाड़ूराम ठाकुर को 2014 बैच का आवंटन किया गया है। वहीं प्रफुल्ल ठाकुर 2015 तथा विजय कुमार पांडे 2016 बैच के आईपीएस होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस आशय के आदेश 14 फरवरी को जारी किए। इनमें 21 साल की सेवा वाले अफसरों को बैच अलाटमेंट में 6 वर्ष, 23 साल की सेवा वाले अफसरों को 7 वर्ष और 25 साल की सेवा वाले अफसरों को 8 वर्ष का लाभ दिया गया है। 22 साल की सेवा वाले पांच अफसरों को 6 वर्ष तथा 23-24 साल की सेवा वाले अफसरों को 7 वर्ष का लाभ दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन अफसरों को 2014 बैच दिया गया है, वे 2014 बैच की डायरेक्ट आईपीएस अफसर भावना गुप्ता के बाद सूची में रहेंगे। इसी तरह, 2016 बैच वाले एकमात्र आईपीएस अफसर 2015 बैच के डायरेक्ट आईपीएस अफसर यू उदय किरण के बाद सूची में रहेंगे।

---

### पित्रोदा के बयान पर बिफरे सीएम साय

# साय ने कहा- कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों और अलगाववादियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा के बयान पर जमकर बिफरे हैं। उनका कहना है, कांग्रेस का हाथ सीधे तौर पर देश के दुश्मनों और अलगाववादियों के साथ है। इससे पहले भी भारतीय नस्ल को अपमानित करना, भारत के बारे में अलग-अलग मंचों पर दुष्प्रचार कर देश को कमजोर करने की नीति कांग्रेस नेताओं की रही है।



अपने नेताओं के देशविरोधी बयान को निजी बताकर पल्ला झाड़ना कांग्रेस की पुरानी आदत है। अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो अपने विदेश विभाग के प्रमुख को निष्कासित करके दिखाए। मुख्यमंत्री साय ने एक्स पर लिखा है- कांग्रेस के हाथ सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ है। कांग्रेस के विदेशी विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा गया है। पित्रोदा द्वारा पहले भारतीय नस्ल को ही अपमानित करना, फिर बार-बार भारत के बारे में अलग-अलग मंचों पर दुष्प्रचार करना और देश को कमजोर करने की साजिश रचते रहना कांग्रेस की अघोषित नीति ही है। अभी फिर एक विवादास्पद बयान देकर फिर वही किया गया है। सैम पित्रोदा के हर बयान के बाद उसे निजी बयान बता देना भी कांग्रेस की पहले से तय नीति है। अपने नेता से बयान दिलाकर पहले देश विरोधियों को तुष्ट कर देना और फिर भारत में उसे निजी बयान बता देना यह साबित करता है कि कांग्रेस आज भी 'चोर से कहो चोरी कर और गृह स्वामी से कहो जागते रहो' की अपनी पुरानी नीति पर कायम है।

---

# नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण समारोह 24 के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम चुनाव में भाजपा की रिकार्ड जीत के बाद अब नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो से चुनकर आये पार्षदों के शपथग्रहण समारोह को लेकर चर्चा है। 24 फरवरी के बाद राजधानी में आयोजित भव्य समारोह में महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डो के पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता सहित लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल होंगे। इस बार नगर निगम सभापति बनने की दौड़ में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वे 5वीं बार पार्षद चुनकर आये हैं, सीनियर पार्षद होने के साथ ही उन्हें नगर निगम के कार्यकलापों की अच्छी




जानकारी भी है। यही नहीं, एक बार वे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। सधे हुये अंदाज में तथ्यों के साथ जनहित के मुद्दों को सदन में सशक्त रूप से उठाने और विपक्षी दल को अपने सवालों से घेरने में उन्हें महारत हासिल है। ऐसे में उन्हें इस बार सदन चलाने का दायित्व सभापति के रूप में दिया जा सकता है। वहीं पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा को महापौर मीनल चौबे की परिषद में अहम विभाग सौंपा जा सकता है। शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे के शपथ लेने के बाद वे एमआईसी का गठन करेंगी। साथ ही सभी दस जोन के लिए एक-एक जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी। नियम अनुसार सभापति अपने जोन का जोन अध्यक्ष होगा। बाकी के 9 जोन के लिए जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी।

रायपुर नगर निगम के चुनाव में इस बार भाजपा से 60 प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी से 7 और निर्दलीय के रूप में 3 प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। सूत्रों के मुताबिक एमआईसी सदस्य बनने की दौड़ में सरिता-आकाश दुबे, दीपक जायसवाल, साधना-प्रमोद साहू, गज्जू साहू, गोपेश साहू, निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को चुनाव में मात देने वाले भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी का नाम भी एमआईसी सदस्य के रूप में सामने आया है। इसी तरह आशु चंद्रवंशी, गायत्री चंद्राकर, अवतार बागल और संतोष साहू का नाम एमआईसी के लिए चल रहा है।

#### कांग्रेस में संदीप साहू सीनियर पार्षद

नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस से 7 प्रत्याशी पार्षद का चुनाव जीतकर सदन का हिस्सा बनेंगे। इन पार्षदों में संदीप साहू ही एकमात्र सीनियर पार्षद हैं। शेख मुसीर सहित 5 महिला पार्षद ऐसे हैं, जो पहली बार पार्षद बने हैं। उन्हें नगर निगम का अनुभव नहीं है, जबकि कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बने आकाश तिवारी दूसरी बार पार्षद बने हैं। पूर्व की परिषद में वे एमआईसी सदस्य रहे हैं।

#### 14 एमआईसी मेंबर की होगी नियुक्ति

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम सभापति चयन के बाद नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे गांधी सदन के मेयर कक्ष में नए महापौर के रूप में चार्ज लेंगी। साथ ही एमआईसी का गठन करेंगी। पार्टी संगठन और वरिष्ठ नेताओं के तालमेल से 14 एमआईसी सदस्य और जोन अध्यक्षों की नियुक्ति होगी।

---

# कांग्रेस की बागडोर आदिवासी को सौंपने की मांग को लेकर अमरजीत और डहरिया पहुंचे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का नाम सामने आते ही पार्टी के आदिवासी नेता लामबंद हो गए हैं। अब वे कांग्रेस की बागडोर आदिवासी नेता को सौंपने की मांग कर रहे हैं। आदिवासी नेता अमरजीत तो दिल्ली भी पहुंच गए हैं। इसको लेकर सियासत भी गरमाई हुई है।

सवा साल के अंदर कांग्रेस की लगातार चौथी हार के बाद कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की आवाज उठने लगी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने के बाद इस बात की चर्चा गरम है कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को प्रदेश कांग्रेस की बागडोर सौंपी जा सकती है। इसके बाद से बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी अध्यक्ष बनाने की मांग उठ रही है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक संतराम नेताम और फूलीदेवी नेताम इसको लेकर सक्रिय हो गए हैं। उनका ये भी तर्क है कि आदिवासी सीएम से टक्कर लेने आदिवासी नेतृत्व जरूरी है।

### भूपेश ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात



#### अमरजीत और डहरिया पहुंचे दिल्ली

इसको लेकर दिल्ली में भी लाबिंग शुरू हो चुकी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली रवाना हुए, उसके बाद आज पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और शिवकुमार डहरिया दिल्ली पहुंच गए हैं। श्री बघेल ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात भी की है।

#### निर्णय हाईकमान लेगा- सिंहदेव

इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के भले के लिए राय सबको दे देना चाहिए, लेकिन निर्णय हाई कमान को लेना है।

---

# भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, आम जनता को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स (सीईजीआईएस) और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (टीआरआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।

#### नीति निर्माण को मिलेगी नई दिशा

सीईजीआईएस के फाउंडर कार्तिक मुरलीधरन ने कहा, हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे।

---

# अभनपुर ब्लाक में हुआ 84 प्रतिशत मतदान

**अभनपुर।** त्रि -स्तरीय पंचायत चुनाव में अभनपुर विकासखंड में 84 प्रतिशत मतदान के साथ छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांति पूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। मतगणना के बाद प्रत्याशियो को विजयी होने की जानकारी हो चुकी है लेकिन कम मतो से जीतने वाले प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र मिलने का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इस बार अभनपुर के दिग्गज नेता धनेन्द्र साहू, चन्द्रशेखर साहू के पुत्र चुनाव मैदान पर थे। प्रमुख नेताओ के दूसरी पीढ़ी पहली बार चुनाव मे उतरे है लेकिन मतगणना के बाद मिली जानकारी अनुसार चन्द्रशेखर के भांजे एवं पुत्र दोनों ही चुनाव जीतने मे सफल नहीं हो पाए हैं। वहीं धनेन्द्र साहू के पुत्र यशवंत साहू के विजयी होने की जानकारी मिली है। इस बार के चुनाव में भाजपा समर्थित अधिकांश प्रत्याशियों की हारने की जानकारी मिली है। खासतौर पर जिलापंचायत सदस्य के लिए भाजपा द्वारा घोषित 4 प्रत्याशियों में से 3 की चुनाव हारने की जानकारी मिली है। इस बार भाजपा के दोयम दर्जे के नेता जिला पंचायत सदस्य के लिए एक सीट पर 2 से 3 लोग चुनाव मैदान मे उतरने से भाजपा समर्थित कार्यकर्ता व मतदाताओ में धर्म सकंट की स्थिती बनी रही। जिसका असर इस चुनाव परिणाम मे देखने को मिल रहा है।

---

### राजस्व मंत्री का सरोरा में हुआ जोरदार स्वागत

# ग्रामीणों ने मंत्री वर्मा को समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा के समीपस्थ ग्राम पंचायत सरोरा पुरानीबस्ती में टंकराम वर्मा, राजस्व, खेल मंत्री का मंगलवार को भव्य स्वागत गांव के युवाओं ने किया। सरोरा पधारने पर मंत्री सर्वप्रथम अपने पुराने परिचित दाऊ डीडी अगवाल के आवास पहुंचे जहां परिवार के सदस्यों के साथ शरद ठाकुर, भोला साहू, दिनेश तिवारी, मनी यदु, असवंत पाल, सरपंच प्रत्याशी रमा सनत ठाकुर ने स्वागत किया।

जलपान के बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के जग्गू यादव व छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी (निर्मलकर) समाज प्रमुख नरसिंह निर्मलकार ने गांव में समाज के लिए मांगलिक भवन बनाने के लिए मंत्री से अनुरोध किया, जिस पर बजट आवंटन होने के बाद उचित कारवाही करने के लिए मंत्री ने आश्वासन दिया।



साथ ही लगभग दो वर्ष पूर्व गांव के एक स्पंज आयरन प्लांट को अनापत्ति दिए जाने के जनसुनवाई के दौरान हुए घटना व 24 निर्दोष युवाओं को झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजने के मुददे पर चन्द्रशेखर शर्मा, दुर्गा प्रसाद तिवारी व सभी युवाओं ने मंत्री को अवगत कराया व बताया कि सभी युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है व अभी भी सभी लोग अपने काम धाम छोड़कर न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। शासन स्तर पर चर्चा कर युवाओं ने झूठे मामले से बरी करने व राहत दिलाने हेतु मंत्री से अनुरोध किया गया जिस पर मंत्री ने नियमानुसार प्रकरण में मदद करने का आश्वासन दिया।

#### 6 माह से राशन नहीं मिलने पर कार्रवाई का दिलाया भरोसा

रंगमंच मंच पर अनुराधा वर्मा, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र 6 के समर्थन में मंत्री जी ने सभा को संबोधित भी किया। ग्राम सरोरा में सरकारी राशन दुकान में भारी अनियमितता, 6-6 माह से राशन नहीं मिलने व वृद्ध लोगों के उंगली मैच नहीं होने से राशन नहीं मिलने की शिकायत मंत्री जी से किया जिस पर मंत्री ने तत्काल कार्यवाही करने का भरोसा दिया व बताया कि पुराने राशन दुकान डीलर को बदल दिया गया है व नये व्यक्ति को एजेन्सी दी गई है व सभी-समस्याओं का निराकरण तत्काल करने का भरोसा दिलाया।साथ ही ग्राम में स्थित संमव स्पंज प्लॉट, सरोरा के दूषित जल को ग्राम के सरोरा बांध में छोड़े जाने की शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा किया गया। दूषित जल के सेवन से गौ वंश के मरने की तथा बांध का जल प्रदूषित होने व नहाने से भयंकर खुजली होने की शिकायत मंत्री से की गई। इस मामले में मंत्री ने नियमानुसार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने का भरोसा ग्रामीणों को दिया है।

---

# कृषि लागत व मूल्य आयोग भारत सरकार की बैठक में पारसनाथ ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कृषि लागत और मूल्य आयोग भारत सरकार की बैठक अंबेडकर सेंटर जनपथ नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित हुआ। जिसमें आगामी खरीफ फसल 2025–26 के लिए फसलों के समर्थन मूल्य निर्धारण के लिए अधिकारियों की उपस्थिति में देश के अनेक किसान संगठनों के प्रमुखों को सुझाव देने आमंत्रित किया गया था, जिसमें प्रदेश से किसान नेता पारसनाथ साहू ने भाग लिया। सभी किसान नेताओं ने कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा फसलों के एमएसपी निर्धारण प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए फसलों के वास्तविक लागत पर 50 प्रतिशत लाभांश जोड़कर शासन को प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। क्योंकि एमएसपी में जो रेट मिलता है उससे कोई किसान संतुष्ट नहीं हैं, जो तय होता है उसे भी सरकार स्वयं नहीं देती। कृषि प्रधान देश में कहने को किसान के सपोर्ट में 15 विभाग काम कर रहे हैं पर एक दाना से तीन सौ दाना बनाने वाले किसानों के देश में प्रतिदिन 31 किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। पारसनाथ साहू ने बताया कि कृषि लागत और मूल्य आयोग के चेयरमैन को कृषि और किसानों की दशा सुधारने अनेक सुझाव दिए गए।



# आप के महापौर प्रत्याशी सहित 14 की जमानत जब्त, 150 पार्षद भी नहीं बचा पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम चुनाव 2025 में महापौर पद के चुनाव में पराजित होने वाली 15 महिला प्रत्याशियों में कांग्रेस की दीप्ति दुबे को छोड़कर अन्य कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत राशि बचा नहीं पाया।

यहां तक कि तीसरे नंबर पर जीत की दावेदार मानी जा रही आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी डा. शुभांगी तिवारी भी अपनी जमानत बचा पाने में कामयाब नहीं रहीं। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए निगम से 306 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। इनमें निर्वाचित हुए 70 प्रत्याशियों के अलावा हारे 336 प्रत्याशियों में 86 ही अपनी जमानत राशि बचा पाने में कामयाब रहे, वहीं 150 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।




## कांग्रेस प्रत्याशी की भी जमानत जब्त

निगम के पार्षद चुनाव में जमानत राशि नहीं बचा पाने वालों में शिवसेना, आप, बसपा सहित क्षेत्रीय पार्टी के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों के अलावा एक कांग्रेस प्रत्याशी भी शामिल है। बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक-53 में भाजपा-कांग्रेस सहित 9 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा प्रत्याशी मनोज जांगड़े ने रिकार्ड मतों से जीत हासिल की, जिसके कारण इस वार्ड से कांग्रेस सहित अन्य प्रत्याशियों को बहुत कम वोट मिलने के कारण उनमें से एक भी प्रत्याशी अपनी जमानत बचा नहीं पाया। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी भी शामिल है, जिसे महज 532 वोट ही मिले हैं।

## जमानत राशि जब्ती से प्रशासन को हुई मोटी कमाई

विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह नगर निगम चुनाव में भी प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्ती से प्रशासन को मोटी कमाई हुई है। इस चुनाव में महापौर पद से 16 महिला प्रत्याशी मैदान पर थीं, जिनमें से निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी के अलावा पराजित हुई कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत राशि ही लौटाई जाएगी। शेष 14 हारी प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त की जाएगी। महापौर पद के लिए महिला वर्ग को जमानत राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी, जिसके कारण प्रत्येक प्रत्याशी से 10 हजार रुपए जमानत राशि जमा कराई गई थी। इस तरह 14 प्रत्याशियों का एक लाख 40 हजार रुपए जब्त किया गया है। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए भी महिला वर्ग के साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस तरह छूट प्राप्त प्रत्याशी से ढाई हजार रुपए एवं सामान्य प्रत्याशी से 5 हजार रुपए की जमानत राशि जमा कराई गई थी। पार्षद पद के 150 प्रत्याशियों के करीब 5 लाख रुपए जब्त किए जाने की संभावना है। इस तरह महापौर और पार्षद प्रत्याशियों की जमानत राशि के रूप में प्रशासन को करीब साढ़े 6 लाख रुपए की मोटी कमाई हुई है।

## इस कारण होती है जमानत राशि जब्त

*चुनाव में जमानत जब्त होने का मतलब है कि यदि किसी उम्मीदवार को निर्धारित न्यूनतम वोट प्रतिशत नहीं मिलते हैं, तो उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाती है। यह प्रावधान भारतीय चुनावी कानून के तहत लागू है। जमानत राशि को उम्मीदवार के द्वारा चुनावी नामांकन के दौरान जमा किया जाता है और यदि वह उम्मीदवार चुनाव में कुल वोटों का 1/6 यानी 16.66 प्रतिशत वोट हासिल नहीं करता है, तो उसकी जमानत जब्त कर ली जाती है।*

## नियम के तहत जमानत जब्त

*चुनाव आयोग के नियम के तहत कुल वोटों का 1/6 प्रतिशत प्रत्याशी को वोट हासिल करना होता है। निर्धारित वोट हासिल नहीं करने वाले प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी।*

*- उमाशंकर बंदे,*
*जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर*

---

## खबर संक्षेप



### बिरगांव की जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव के क्षेत्र की जनसमस्याओं लेकर भाजयुमा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा नेता गौतम साहू ने बताया कि निगम आयुक्त को समस्याओं से अवगत कराया एवं जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता युवा मोर्चा बिरगांव मंडल के पूर्व महामंत्री सौरभ वर्मा, मोनू मानिकपुरी, दाऊलाल साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छत्रपति वीर शिवाजी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की जयंती पर 19 फरवरी को सुबह 10 बजे शहर के जीई मार्ग में तात्यापारा चौक के पास छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की अश्वारोही प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में निगम संस्कृति विभाग के अधिकारी सहित जोन-7 निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

### हाउसिंग बोर्ड कालोनियों से जल कर वसूली

**रायपुर।** जोन 9 राजस्व विभाग द्वारा मंगलवार से नगर निगम क्षेत्र की बकायादार हाउसिंग बोर्ड आवसीय कॉलोनियों से बकाया राजस्व वसूली करने कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी। आज परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड आवासीय कॉलोनी से जलकर के बकाया 73 लाख रुपये वसूलने कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड की अन्य आवासीय कॉलोनियों पर बकाया करीब 4 से 5 करोड़ रुपये के जल कर की नियमानुसार कड़ाई से वसूली करने निगम अमल जुट गया है।

### महाशिवरात्रि पर अखंड रामायण पाठ 25 से

**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राजीव नगर कॉलोनी में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम संचालक रोहित सिंघानिया ने देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 25 फरवरी को अखंड रामायण पाठ होगा।

---

मुख्यमंत्री से मिले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और धमतरी के महापौर और पार्षद

# साय बोले- अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर-पार्षदों की भूमिका होगी अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा, वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। हमारे अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर और पार्षदों की भूमिका अहम होगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा, भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं।





### जनता से लगातार संपर्क करें

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें, अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जानें, इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

### सीएम से मिले ये महापौर

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने निवास पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, रायपुर की महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे।

## मेयरों से मिले सीएम, कहा- अब वार्डों का हो समग्र विकास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा है कि वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। श्री साय से नव निर्वाचित मेयरों ने मुलाकात की।

### वादों को पूरा करना है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं। नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जाने इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

### नव निर्वाचित मेयरों से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास पर दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री से उनके निवास पर रायपुर एवं बिलासपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे एवं पूजा विधानी ने मुलाकात की। श्री साय ने उन्हें नव दायित्व के लिए बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रही।

## छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 9 आईपीएस अफसरों को बैच आवंटित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 9 वरिष्ठ अफसरों को बैच आवंटन कर दिया है। आईपीएस अवार्ड अफसरों को वरिष्ठता के आधार पर 2014 से 2016 बैच का आवंटन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उमेश चौधरी, मनोज कुमार खिलारी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत, दर्शन सिंह मरावी, झाड़ूराम ठाकुर को 2014 बैच का आवंटन किया गया है। वहीं प्रफुल्ल ठाकुर 2015 तथा विजय कुमार पांडे 2016 बैच के आईपीएस होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस आशय के आदेश 14 फरवरी को जारी किए। इनमें 21 साल की सेवा वाले अफसरों को बैच अलाटमेंट में 6 वर्ष, 23 साल की सेवा वाले अफसरों को 7 वर्ष और 25 साल की सेवा वाले अफसरों को 8 वर्ष का लाभ दिया गया है। 22 साल की सेवा वाले पांच अफसरों को 6 वर्ष तथा 23-24 साल की सेवा वाले अफसरों को 7 वर्ष का लाभ दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन अफसरों को 2014 बैच दिया गया है, वे 2014 बैच की डायरेक्ट आईपीएस अफसर भावना गुप्ता के बाद सूची में रहेंगे। इसी तरह, 2016 बैच वाले एकमात्र आईपीएस अफसर 2015 बैच के डायरेक्ट आईपीएस अफसर यू उदय किरण के बाद सूची में रहेंगे।

---

पित्रोदा के बयान पर बिफरे सीएम साय

## साय ने कहा- कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों और अलगाववादियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा के बयान पर जमकर बिफरे हैं। उनका कहना है, कांग्रेस का हाथ सीधे तौर पर देश के दुश्मनों और अलगाववादियों के साथ है। इससे पहले भी भारतीय नस्ल को अपमानित करना, भारत के बारे में अलग-अलग मंचों पर दुष्प्रचार कर देश को कमजोर करने की नीति कांग्रेस नेताओं की रही है।

अपने नेताओं के देशविरोधी बयान को निजी बताकर पल्ला झाड़ना कांग्रेस की पुरानी आदत है। अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो अपने विदेश विभाग के प्रमुख को निष्कासित करके दिखाए। मुख्यमंत्री साय ने एक्स पर लिखा है- कांग्रेस के हाथ सीधे तौर पर अलगाववादियों, देश के दुश्मनों के साथ है। कांग्रेस के विदेशी विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा को शायद देश के दुश्मनों का हाथ मजबूत करने के लिए ही रखा गया है। पित्रोदा द्वारा पहले भारतीय नस्ल को ही अपमानित करना, फिर बार-बार भारत के बारे में अलग-अलग मंचों पर दुष्प्रचार करना और देश को कमजोर करने की साजिश रचते रहना कांग्रेस की अघोषित नीति ही है। अभी फिर एक विवादास्पद बयान देकर फिर वही किया गया है। सैम पित्रोदा के हर बयान के बाद उसे निजी बयान बता देना भी कांग्रेस की पहले से तय नीति है। अपने नेता से बयान दिलाकर पहले देश विरोधियों को तुष्ट कर देना और फिर भारत में उसे निजी बयान बता देना यह साबित करता है कि कांग्रेस आज भी 'चोर से कहो चोरी कर और गृह स्वामी से कहो जागते रहो' की अपनी पुरानी नीति पर कायम है।

## नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण समारोह 24 के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम चुनाव में भाजपा की रिकार्ड जीत के बाद अब नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों से चुनकर आये पार्षदों के शपथग्रहण समारोह को लेकर चर्चा है। 24 फरवरी के बाद राजधानी में आयोजित भव्य समारोह में महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डों के पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता सहित लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल होंगे। इस बार नगर निगम सभापति बनने की दौड़ में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वे 5वीं बार पार्षद चुनकर आये हैं, सीनियर पार्षद होने के साथ ही उन्हें नगर निगम के कार्यकलापों की अच्छी जानकारी भी है। यही नहीं, एक बार वे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। सधे हुये अंदाज में तथ्यों के साथ जनहित के मुद्दों को सदन में सशक्त रूप से उठाने और विपक्षी दल को अपने सवालों से घेरने में उन्हें महारत हासिल है। ऐसे में उन्हें इस बार सदन चलाने का दायित्व सभापति के रूप में दिया जा सकता है। वहीं पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा को महापौर मीनल चौबे की परिषद में अहम विभाग सौंपा जा सकता है। शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे के शपथ लेने के बाद वे एमआईसी का गठन करेंगी। साथ ही सभी दस जोन के लिए एक-एक जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी। नियम अनुसार सभापति अपने जोन का जोन अध्यक्ष होगा। बाकी के 9 जोन के लिए जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी। रायपुर नगर निगम के चुनाव में इस बार भाजपा से 60 प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी से 7 और निर्दलीय के रूप में 3 प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। सूत्रों के मुताबिक एमआईसी सदस्य बनने की दौड़ में सरिता-आकाश दुबे, दीपक जायसवाल, साधना-प्रमोद साहू, गज्जू साहू, गोपेश साहू, निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को चुनाव में मात देने वाले भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी का नाम भी एमआईसी सदस्य के रूप में सामने आया है। इसी तरह आशु चंद्रवंशी, गायत्री चंद्राकर, अवतार बागल और संतोष साहू का नाम एमआईसी के लिए चल रहा है।




### कांग्रेस में संदीप साहू सीनियर पार्षद

नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस से 7 प्रत्याशी पार्षद का चुनाव जीतकर सदन का हिस्सा बनेंगे। इन पार्षदों में संदीप साहू ही एकमात्र सीनियर पार्षद हैं। शेख मुसीर सहित 5 महिला पार्षद ऐसे हैं, जो पहली बार पार्षद बने हैं। उन्हें नगर निगम का अनुभव नहीं है, जबकि कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बने आकाश तिवारी दूसरी बार पार्षद बने हैं। पूर्व की परिषद में वे एमआईसी सदस्य रहे हैं।

### 14 एमआईसी मेंबर की होगी नियुक्ति

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम सभापति चयन के बाद नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे गांधी सदन के मेयर कक्ष में नए महापौर के रूप में चार्ज लेंगी। साथ ही एमआईसी का गठन करेंगी। पार्टी संगठन और वरिष्ठ नेताओं के तालमेल से 14 एमआईसी सदस्य और जोन अध्यक्षों की नियुक्ति होगी।

---

सुशासन को सुदृढ़ करने सीईजीआईएस और टीआरआई के साथ हुआ एमओयू

**प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में होगा क्रांतिकारी सुधार**

# भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, आम जनता को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स (सीईजीआईएस) और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (टीआरआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।



### नीति निर्माण को मिलेगी नई दिशा

सीईजीआईएस के फाउंडर कार्तिक मुरलीधरन ने कहा, हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा।

**टीआरआई के सहयोग से ग्रामीण विकास को मिलेगा नया आयाम :** ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए टीआरआई के साथ हुए समझौते के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। संस्था के एसोसिएट डायरेक्टर श्रीश कल्याणी ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर स्थानीय शासन को सशक्त बनाने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और ग्रामीण विकास को तेज गति देने में सहयोग करेंगे।

### ई-गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने बताया कि ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शिकायत निवारण तंत्र और योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को इस पहल से नया आयाम मिलेगा। एमओयू से न केवल सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के कौशल विकास और क्षमता उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगेगी और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा।

## कांग्रेस की बागडोर आदिवासी को सौंपने की मांग को लेकर अमरजीत और डहरिया पहुंचे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का नाम सामने आते ही पार्टी के आदिवासी नेता लामबंद हो गए हैं। अब वे कांग्रेस की बागडोर आदिवासी नेता को सौंपने की मांग कर रहे हैं। आदिवासी नेता अमरजीत तो दिल्ली भी पहुंच गए हैं। इसको लेकर सियासत भी गरमाई हुई है।

सवा साल के अंदर कांग्रेस की लगातार चौथी हार के बाद कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की आवाज उठने लगी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने के बाद इस बात की चर्चा गरम है कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को प्रदेश कांग्रेस की बागडोर सौंपी जा सकती है। इसके बाद से बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी अध्यक्ष बनाने की मांग उठ रही है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक संतराम नेताम और फूलीदेवी नेताम इसको लेकर सक्रिय हो गए हैं। उनका ये भी तर्क है कि आदिवासी सीएम से टक्कर लेने आदिवासी नेतृत्व जरूरी है।

### भूपेश ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात



### अमरजीत और डहरिया पहुंचे दिल्ली

इसको लेकर दिल्ली में भी लाबिंग शुरू हो चुकी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली रवाना हुए, उसके बाद आज पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और शिवकुमार डहरिया दिल्ली पहुंच गए हैं। श्री बघेल ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात भी की है।

### निर्णय हाईकमान लेगा- सिंहदेव

इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के भले के लिए राय सबको दे देना चाहिए, लेकिन निर्णय हाई कमान को लेना है। हाई कमान परिस्थितियों को देखकर निर्णय लेता है।

## निधन

### लालदेवी मिश्रा

रायपुर। बजरंग नगर निवासी



लालदेवी मिश्रा (104) का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पं. लालजी मिश्रा जी की माताजी थीं।

### गिरिजा अवधिया

रायपुर। अवधिया पारा लिली चौक



निवासी गिरिजा अवधिया का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मधुसूदन लाल अवधिया की पत्नी और वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार अवधिया, संदीप अवधिया, संध्या, नीतू, सुप्रिया एवं निधि की माता थीं।



### शीला बोस

रायपुर। प्रियदर्शनी नगर निवासी शीला बोस का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुदिप्त, शुभ्रजीत, सौरभ, शोमा की माता थीं।

### जतिंदर पाल बेदी

रायपुर। शंकर नगर अशोका रतन



निवासी जतिंदर पाल बेदी का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी दोपहर को 12 बजे उनके निवास स्थान देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राहुल बेदी के पिता व जोगिंदर पाल, देवेंदर पाल, अश्वनी कुमार, रवि, रतिंदर पाल बेदी के भाई थे।

### सुरजीत सिंह भाटिया

रायपुर। सिविल लाइन निवासी सरदार



सुरजीत सिंह भाटिया (राजनांदगांव वाले) का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे गुलबीर सिंह भाटिया के बड़े भाई, बलदेव सिंह भाटिया, नीलू भाटिया के पिता एवं प्रभतेज सिंह भाटिया के दादा थे।

### निखिलेश चंद्र ऋषि

रायपुर। बैरन बाजार निवासी



निखिलेश चंद्र ऋषि (68) का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से अरविंद नगर सेंटपॉल कैथेड्रल कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे अखिलेश, शैलेश, आरीना ऋषि एवं अमिता जॉन के बड़े भाई थे।

# सिक्के से खेलना बच्चे को पड़ा भारी, आहार नली में जा फंसा, डाक्टरों ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो रुपए के सिक्के से खेलना आठ साल के बच्चे के भारी पड़ गया। मुंह में डाला गया सिक्का गले से उतरकर आहार नली में जाकर फंस गया। सीने में दर्द और पानी तक गटकने में हो रही कठिनाई के बाद घबराए परिवार वाले उसे डीके अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच की प्रक्रिया पूरी कर डाक्टरों ने एंडोस्कोपी कर सिक्का बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार राजधानी में रहने वाले एक आठ साल के बच्चे को लेकर माता-पिता डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल पहुंचे थे। उन्होंने चिकित्सकों को बताया कि बच्चे ने खेलते-खेलते सिक्का निगल लिया है। इसकी वजह से उसके सीने में काफी तेज दर्द है और वह किसी तरह के खाद्य और तरल पदार्थ का सेवन नहीं कर पा रहा है। चिकित्सकों ने मामला समझने के बाद जब बच्चे का एक्सरे करवाया, तो पता चला कि दो रुपए का यह सिक्का मुंह से जाकर सीधे आहार नली के बीच में फंस गया है और तकलीफ का कारण बन रहा है। अस्पताल के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डा. जीवन लाल पटेल और उनकी टीम ने गैर सर्जिकल तकनीक एंडोस्कोपिक प्रक्रिया पूरी कर आहार नली में फंसे सिक्के को बाहर निकाला। इस प्रक्रिया में एनीस्थिया विशेषज्ञ डॉ. लोकेश कुमार नेटी व डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने साथ दिया। सिक्का बाहर निकालने के बाद बच्चे को डाक्टर की निगरानी में रखा गया है और वह पूरी तरह स्वस्थ है।

## आठ साल के बच्चे की इमरजेंसी, डीके अस्पताल में हुआ इलाज

### बच्चों की एंडोस्कोपी सुविधा उपलब्ध

अस्पताल की अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा ने बताया कि बाल सर्जरी विभाग में बच्चों की एंडोस्कोपी की पूरी सुविधा उपलब्ध है। पूर्व में भी यहां बच्चे द्वारा निगले गए टी-पिन, बटन, बैटरी जैसी वस्तुओं को इस प्रक्रिया के तहत बाहर निकाला गया है। विभाग में बच्चों की खून की उल्टी का उपचार भी एंडोस्कोपी द्वारा किया जाता है। इसके अलावा बच्चों से संबंधित अन्य बीमारियों की सर्जरी भी यहां पूरी की जाती है।



### सावधानी बरतना आवश्यक

- बच्चों को सिक्के, बटन बैटरी, छोटे खिलौने जैसी चीजों से दूर रखें अथवा खेलने के दौरान निगरानी की जाए।
- धोखे से अगर बच्चा किसी वस्तु को निगल ले, तो उसे स्वयं निकालने की अपनी कोशिशों के बजाए डॉक्टर से संपर्क करें।
- जबरिया उल्टी कराने अथवा कोई चीज खिलाने-पिलाने का प्रयास नहीं किया जाए। यह अधिक परेशानी का कारण बन सकता है।
- किसी सुविधायुक्त अस्पताल में जाकर एक्सरे और एंडोस्कोपी के जरिए वास्तविक स्थिति को जानने का प्रयास किया जाए।

# उजड़ रही हरियाली-कचरों से पटी सड़क, स्टील लाइटें बंद, कुछ ऐसा है कौशल्या विहार का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का कौशल्या विहार जिसे अब कौशल्या विहार के नामा से जाना जाता है, इस प्रोजेक्ट को करीब 12 वर्ष पहले लाकर दावा किया गया था कि यह टाउनशिप प्रोजेक्ट न केवल रायपुर, बल्कि प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल बनकर उभरेगा, लेकिन पिछले कई वर्षों से कौशल्या विहार का जो हाल है, इससे इस प्रोजेक्ट पर बड़ा दाग लग चुका है।

हरिभूमि की टीम ने मंगलवार को कौशल्या विहार का भ्रमण कर यहां निवासरत लोगों को मिल रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस पड़ताल से कौशल्या विहार की सुविधाओं की पोल भी खुल गई। कमल विहार में जहां हरियाली उजड़ी मिली, वहीं सड़कें गंदगी व कचरों से पटी तथा रोशनी की जगह अंधेरे में डूबी मिलीं। इसके साथ ही नाली-नाले भी जाम मिले। इस तरह कौशल्या विहार में सफाई के साथ लाईटिंग की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई मिली।







### गंदगी और बदबू से लोग हलाकान

इस प्रोजेक्ट का हाल ऐसा है कि यहां रहने वाले लोग अब सड़कों पर फैली गंदगी और नाली-नालों के जाम के कारण उठ रही दुर्गन्ध से परेशान हैं। कौशल्या विहार में अब तक न ही साफ-सफाई की व्यवस्था और न ही बिजली सुधार की जिम्मेदारी तय की गई है। इस कारण सफाई के अभाव के साथ रात में कमल विहार का 80 प्रतिशत इलाका अंधेरे में डूबा रहता है।

### 1600 एकड़ के प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपए हुए खर्च

कौशल्या विहार शहर से लगे डूमरतराई से ग्राम डूंडा तक 1600 एकड़ में फैला हुआ है। इस प्रोजेक्ट पर आरडीए और निजी निवेश ने मिलकर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। इसके बावजूद यहां आज तक ठीक से न आबादी बस पाई और न ही यहां निवासरत लोगों को वह सुविधाएं मिल पाईं, जिनका दावा किया गया था। पूरे प्रोजेक्ट को घूमते वक्त आपको एक सड़क ऐसी नहीं मिलेगी, जहां खंभों के जरिए तारों का जाल न बिछा हो। अव्यवस्था का आलम यह है कि यहां बस चुके सैकड़ों परिवारों को अभी तक मूलभूत सुविधाओं का मोहताज होना पड़ रहा है। मसलन कई इलाकों में आज तक बिजली ही नहीं पहुंच पाई है, वहीं कई इलाकों में पानी आपूर्ति भी नहीं हो पाई है। घरों से होने वाली जल की निकासी के लिए भी कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा सके हैं। ऐसे में यहां मकान व फ्लैट्स में रहने वाले लोग भी कहने लगे हैं कि जिस उन्नत टाउनशिप का सपना उन्हें दिखाया गया था, वैसा तो यहां कुछ भी नहीं है।

### पानी समस्या भी गंभीर खुदवाना पड़ रहा बोर

कौशल्या विहार में पानी की समस्या भी बनी हुई है। इस कारण यहां मकान बनाकर रहने वाले परिवारों को पानी के लिए बोर खुदवाना पड़ रहा है। आरडीए से अब तक यहां पानी के लिए पाइप लाइन की व्यवस्था नहीं की है। लगातार बोर की खुदाई के कारण यहां के भू-जलस्तर में भी गिरावट आ रही है। गर्मी के दिनों में जल स्तर ज्यादा नीचे चला जाता है, जिसके कारण बोर से भी पानी कम आने लगता है।

# निजी स्कूलों की गुहार-हमसे न लिए जाएं परीक्षा के लिए पैसे फिलहाल देंगे केवल जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



निजी स्कूलों ने लोक शिक्षण संचालनालय को खत लिखकर पांचवी-आठवीं की परीक्षा के लिए फीस नहीं लिए जाने का अनुरोध किया है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं केंद्रीकृत स्तर पर आयोजित की जा रही हैं। इसके लिए अधिसूचना दिसंबर में जारी की गई थी। निजी स्कूलों ने इसे चुनौती देते हुए न्यायालय में याचिका दायर की थी कि निजी स्कूलों को इस परीक्षा से पृथक रखा जाए। निजी स्कूलों का तर्क है कि शासन द्वारा केंद्रीकृत स्तर पर परीक्षा लेने का निर्णय दिसंबर में लिया गया, जबकि सत्र के प्रारंभ से ही इसकी सूचना दी जानी थी।

- 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा के विरुद्ध निजी स्कूलों ने दायर की है याचिका

17 फरवरी को अपनी सुनवाई में न्यायालय ने दस दिन बाद निर्णय देने की तारीख तय की है। निजी स्कूलों ने डीपीआई से मांग की है कि अदालत का अंतिम फैसला आने तक उनसे परीक्षा फीस ना ली जाए। दरअसल, केंद्रीकृत स्तर पर होने वाली यह परीक्षा शासकीय विद्यालय के छात्रों के लिए निशुल्क है, जबकि निजी विद्यालय के विद्यार्थियों से पांचवी कक्षा में प्रति छात्र 55 रुपए तथा आठवीं कक्षा में प्रति छात्र 60 रुपए की राशि ली जानी है।

### निर्धारित प्रपत्र में दे रहे जानकारी

निजी स्कूलों को अपने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित करनी है। इसके लिए प्रपत्र भी निर्धारित किया गया है। निजी स्कूलों का कहना है कि वे अपने छात्रों की पूरी जानकारी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन परीक्षा फीस अभी ना लिया जाए। गौरतलब है कि बीते दिनों जिले के कई निजी स्कूलों में 5वीं-8वीं की परीक्षा को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। विद्यालयों ने सीबीएसई के सिलेबस अनुसार छात्रों को पढ़ाई करवाई है, जबकि परीक्षा सीजी बोर्ड के सिलेबस के आधार पर ली जाएगी। पालकों का आरोप है कि स्कूलों ने सीबीएसई बोर्ड से मान्यता की बात प्रवेश के दौरान कही थी। जबकि अब सीजी बोर्ड से परीक्षा दिलाने कह रहे हैं।

### कोर्ट का निर्णय स्वीकार

तय तिथि में कोर्ट का जो भी फैसला आएगा, वो हमें स्वीकार होगा। निर्णय के पूर्व

*- राजीव गुप्ता*
*अध्यक्ष निजी स्कूल एसोसिएशन*

## पेज 11 के शेष ...

पेज 11 के शेष ...

### सफर के 24 घंटे...

के बराबर कर देती है। इसका मतलब है कि यात्रियों को महाकुंभ जाने के लिए अब निजी वाहन का सहारा लेना पड़ सकता है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे के इस फैसले से उनके लिए सफर की स्थिति और भी मुश्किल हो गई है। अब उन्हें नहीं पता कि वे महाकुंभ तक कैसे पहुंचेंगे। रेलवे की तरफ से कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है और अब विकल्प के तौर पर निजी वाहनों में सफर करना ही एकमात्र रास्ता बन गया है।

### शराब घोटाले में कवासी...

बहस भी हुई, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद से लखमा न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। 14 दिनों की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें दोबारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इस बार भी दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायिक रिमांड 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है।

### रायपुर महापौर और...

में प्रदेश भर में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। पहली बार सभी दस के दस नगर निगमों में भाजपा के महापौर बने हैं। इसी के साथ सभी निगमों में भी पार्षद भी बडी संख्या में जीते हैं। रायपुर निगम के इतिहास में तो पहली बार भाजपा के 60 पार्षद जीते हैं। नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा के पार्षद अलग-अलग महाकुंभ जाने की योजना बना रहे थे, ऐसे में विधायक राजेश मूणत ने सभी को एक साथ ले जाने की योजना तैयार की। ऐसे में सभी पार्षदों को परिवार के साथ चलने के लिए तैयार किया गया। मंगलवार को सभी पार्षद एकात्म परिसर में अपने परिवार के साथ पहुंचे और यहां से करीब एक बजे चार लग्जरी बसों में प्रयागराज के लिए रवाना हुए।

### क्वींस क्लब पर...

99 लाख रुपये है, बकाया भुगतान नहीं होने पर निगम मुख्यालय के राजस्व महकमे की टीम और जोन 9 की टीम क्लब को सील करने पहुंची थी, पर संबंधित पक्ष द्वारा बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए समय मांगा गया। इस पर निगम की टीम ने 28 तारीख तक बकाया संपत्ति कर भुगतान की मोहलत दी है।

### रविवि ने बदला...

अधिकतर विषयों की परीक्षाएं हो चुकी हैं। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की जाएंगी। चूंकि दोनों सेमेस्टर के मध्य कुछ दिनों का ही अंतराल है, इसलिए फरवरी में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त होते ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। एक मार्च से रविवि की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाओं के मध्य प्रथम सेमेस्टर के कक्षा संचालन को लेकर कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही थीं। कई महाविद्यालयों ने रविवि की दूसरी पाली की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अर्थात संध्याकाल में कक्षाएं लगाने का निर्णय किया था। लेकिन संध्याकालीन कक्षाओं में दूर क्षेत्रों से आने वाले छात्र और छात्राओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इसके बाद रविवि ने अंततः परीक्षाओं के समय में बदलाव किया है।

# लाखों रुपए किराया दिए बिना पोकलेन मशीन छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में 68 लाख रुपए की धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है। जिनकुशल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से एक व्यक्ति ने पोकलेन मशीन को किराए पर लिया था। इस मशीन का व्यक्ति ने करीब डेढ़ वर्ष तक उपयोग भी किया। इसके एवज में उसे कंपनी को किराए के रूप में 68 लाख से अधिक रुपए का भुगतान करना था। इस राशि का भुगतान करना छोड़ वह मशीन को छोड़कर फरार हो गया। इस मामले में अब कंपनी की ओर से सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

- सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन में जिनकुशल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का दफ्तर है। इस कंपनी में एक्जिक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत एम गणेश रेड्डी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उनकी कम्पनी खुदाई एवं पत्थर तोड़ने की पोकलेन मशीन अर्थ वर्क पेटी कॉन्ट्रेक्ट लेने एवं पोकलेन मशीन किराए पर देने एवं बेचने का व्यवसाय करती है।

कंपनी ने मेसर्स मयूरा अर्थ-मूवस डीएम टावर रावांभाटा इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर को चंदनडीह एसटीपी साइट रायपुर में कार्य करने के लिए पोकलेन मशीन कांट्रेक्ट में किराए पर दिया था। इसके लिए नकद आशीष शेरासिया ने दस हजार रुपए का बयाना देकर एग्रीमेंट किया था। आशीष शेरासिया से उनका संपर्क एसएमएस लिमिटेड नागपुर कंपनी के माध्यम से हुआ था। इस कंपनी के अंदर उनकी कंपनी की और भी मशीनें चल रही थीं, जो खारुन नदी के एसटीपी प्लांट बनाने का मुख्य ठेकेदार था।



फाइल फोटो

बताया गया कि जेसीबी पोकलेन लेकर लगातार लगभग दो साल तक उसने काम किया, साथ में एक-दो और कॉन्ट्रेक्टर थे। इनमें हरदास भाई और यूसुफ भाई सहित अन्य लोगों को भी पेमेंट समय पर हो रहे थे। इस तरह शुरुआत में पेमेंट किया गया, लेकिन बाद में बहाना करते हुए पेमेंट टालता गया और आखिर में जब 68 लाख रुपए से अधिक का बिल हो गया, तो वह मशीन को साइट पर छोड़कर फरार हो गया। उसका अब मोबाइल भी बंद है।

### पुलिस के नोटिस के बाद भी नहीं आया

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने जांच करते हुए इस मामले में नोटिस जारी कर आरोपी को थाने भी बुलाया था, लेकिन वह नहीं आया। प्रार्थी कंपनी की ओर से आरोपी द्वारा किए गए एग्रीमेंट व बिल के दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं। इस आधार पर पुलिस ने अब इस मामले में उसके विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है।


## गुमा

मैं अधोहस्ताक्षरित श्री धर्मवीर मंडल पिता श्री रामानंद मंडल सी.एच. 162, स्लाईस-2, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर का निवासी हूँ। यह कि, मेरी स्वामित्व एवं आधिपत्य की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का मकान क्र. सी.एच. 161, स्लाईस-2, रकबा 36.80 वर्गमीटर /395.96 वर्गफुट, खसरा नं. 238/1 का भाग, रकबा 0.230 हेक्ट. स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01, मौजा जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 103/35, रा.नि.मं. रायपुर-1, तह. व जिला रायपुर है।

उक्त सम्पत्ति को पूर्व में विक्रेता श्रीमती सुखविन्दर कौर पति स्व. श्री प्यारा सिंग निवासी हीरापुर, रायपुर ने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड 30 वर्षीय पट्टा विलेख दस्तावेज क्र. 941, दिनांक 14.06.2018 के जरिये प्राप्त किया था तथा उसी समय विक्रेता एवं श्रीमती सुखविन्दर कौर के मध्य पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 940, दिनांक 14.06.2018 निष्पादित किया गया था। उक्त दोनों पूर्व मूल पट्टा विलेख दस्तावेज क्र. 941, दिनांक 14.06.2018 एवं पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 940, दिनांक 14.06.2018 मुझसे मेरे हीरापुर स्थित घर से ही कही गुम हो गई है और बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिल पा रही है।

सो सूचना जानें।

**धर्मवीर मंडल**
**पिता श्री रामानंद मंडल**
**निवासी सी.एच. 162, स्लाईस-2, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9993551640**

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय मंदिर हसौद जिला- रायपुर (छ.ग.)

// शपथ-पत्र //

मै लच्छमन हरिजन उम्र 30 वर्ष पिता बाबूलाल हरिजन निवासी वार्ड नं. 52 नियर दुर्गा मंदिर, तालाब पारा अमलीडीह, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन निष्पादित करता हूँ कि - **1.** यह कि, मेरा नाम व पता उपर लिखे अनुसार है जो कि सत्य एवं सही है। **2.** यह कि, मेरी पुत्री साक्षी हरिजन का जन्म स्थान- जिला अस्पताल रायपुर छ.ग. में दिनांक 28/01/2020 को हुआ है। जिसका हॉस्पिटल से जन्म प्रमाण पत्र दिया गया है। **3.** यह कि, मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र ऑफलाईन बना हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम साक्छी हरिजन (SAKCHHI HARIJAN) पिता लछमन हरिजन (LACHHAMAN HARIJAN) माता हेमिन कुमारी (HEMIN KUMARI) दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। **4.** यह कि, मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम साक्षी हरिजन (SAKSHI HARIJAN) पिता लच्छमन हरिजन (LACHHAMAN HARIJAN) माता हेमिन हरिजन (HEMIN HARIJAN) है। जो कि सत्य एवं सही है। **5.** यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र से मेरी पुत्री का नाम साक्छी हरिजन (SAKCHHI HARIJAN) पिता लछमन हरिजन (LACHHAMAN HARIJAN) एवं माता हेमिन कुमारी (HEMIN KUMARI) को विलोपित कर उसके स्थान पर मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम साक्षी हरिजन (SAKSHI HARIJAN) पिता लच्छमन हरिजन (LACHHAMAN HARIJAN) माता हेमिन हरिजन (HEMIN HARIAN) दर्ज कर ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र बनाया जावे। **6.** यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है यदि भविष्य में असत्य पाई जाती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। **7.** यह कि, उपरोक्त शपथ पत्र उपर वर्णित कथनों के समर्थन में संबंधित समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

//सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 07 तक मेरी निजी जानकारी से सत्य व सही है जिसका सत्यापन आज दिनांक को मुकाम मंदिर हसौद, में किया गया।

स्थान- मंदिर हसौद
दिनांक- 01/02/2025
शपथकर्ता
लच्छमन हरिजन

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं स्वयं प्रदीप कुमार देवांगन उम्र 51 वर्ष पिता- श्री मदन लाल देवांगन, निवासी- मकान नंबर- 08, गायत्री मंदिर के पास, 10 नल, बोरियारोड, संतोषी नगर, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता संतोष कुमार साहू उम्र 47 वर्ष पिता- श्री दाउलाल साहू, निवासी- एकता चौक, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि ग्राम- कठिया, नं. 02 रा.नि.म. तोरला- 05, पूर्व प.ह.न.- 23/29, वर्तमान प.ह.न. - 03, तहसील- गोबरा नवापारा, विकासखंड- अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर- 1872/19 कुल रकबा-1000 वर्गफीट आवासीय भूमि (प्लाट) को क्रय करने का पक्का सौदा किया है, मात्र विक्रय पत्र एवं पंजीयन का निष्पादन किया जाना शेष है। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति में क्रय विक्रय से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, वित्तिय या निजी संस्थान, शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालय व निकाय को कोई दावा आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेज 7 दिवस के अंदर स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद अवधि के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति एवं दावा आपत्ति के संदर्भ में प्रकाशन मान्य नही होगा जो मेरे स्वयं पर बंधनकारी नही होगा तथा मैं स्वयं अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा लूंगा। सो सूचना जाने।

स्थान रायपुर (छ.ग.) दिनांक 18.02.2025

**प्रदीप कुमार देवांगन (अधिवक्ता)**
**पता- गायत्री मंदिर के पास, 10 नल बोरिया रोड, संतोषी नगर, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) 492001**
**मो. नंबर - 86027-03221**

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-6 (अ)/वर्ष-2025
सारागांव दिनांक 10/02/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण पुरूषोत्तम, पवन कुमार, उमाशंकर, अंगेश्वरी सभी पिता जीवधन द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि खसरा नं. 366/1 रकबा 0.0320 हे. भूमि धारित की जाती है। उपरोक्त भूमि अधिग्रहण कार्यपालन अभियंता लो.नि. वि. सेतु निर्माण संभाग रायपुर के द्वारा तर्रा पवनी मार्ग के कि.मी. 4/10 पर निर्माणाधीन कोल्हान नाला सेतु के ग्राम तर्रा तरफ के पहुंचमार्ग में लिया गया है। जिसका अनुविभागीय अधिकारी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 02 अ-82 वर्ष 2005-06 है। जिसका प्रकरण में दिनांक 08/01/2007 का मुआवजा प्राप्त कर लिया गया है। परंतु उक्त भूमि आज दिनांक तक राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के नाम से दर्ज है। जिसे रोड रास्ता मद में दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/02/2025 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

आम सूचना

**वाके मौजा ग्राम सुन्दरकेरा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील-गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 272 रकबा 0.10 हेक्टेयर, ऋण पुस्तिका क्र. 1859517 के संबंध में**

यह कि, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने नंदलाल पिता रतन तेली, निवासी ग्राम सुन्दरकेरा, अभनपुर, जिला-रायपुर छ.ग. से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम सुन्दरकेरा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 272 रकबा 0.10 हेक्टेयर ऋण पुस्तिका क्र. 1859517 को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, जिसका पंजीयन बैनामा निष्पादित किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, सरकारी, गैरसरकारी संस्था, वित्तीय संस्थाये इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे उल्लेखित पते में मय दस्तावेज सहित अपना दावा आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे बाद मियाद की गई कोई आपत्ति अवैध एवं शून्य प्रभावी होगी, जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 17/02/2024

**भवदीय**
**सुभाष कुर्रे (अधिवक्ता)**
**पता- डॉ. राजेन्द्र नगर, गोवर्धन चौक के पास रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 7000383056, 9827112058**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
- दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) - टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
- डेंटल इम्पलांट (Dental Implants) - Smile Designing - दांतो की Bleaching
- मसूड़ों की बीमारी - अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
- महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
- अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
- पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
- चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
- पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
- किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
- शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
- स्नायू (वर्व) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
- केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें 84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जेएन कालेज में टेली लेक्चर क्लास की लाइव स्ट्रीमिंग सुविधा

**रायपुर।** चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर द्वारा सर्वप्रथम पहली बार टेली लेक्चर क्लास की लाइव स्ट्रीमिंग सुविधा का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अन्य सभी चिकित्सा महाविद्यालय के लिए प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें टेली कम्यूनिकेशन के आधुनिक तकनीक के माध्यम से व्याख्यान को अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। इसी कड़ी का प्रथम व्याख्यान बुधवार 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे से प्रसारित किया जायेगा। पैथालॉजी विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. अरविंद नेरल द्वारा यह व्याख्यान प्रस्तुत किया जायेगा जिसका सीधा प्रसारण छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में किया जायेगा। यह व्याख्यान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए होगा।

### एबीडीएम के तहत डा. विकास अग्रवाल होंगे सम्मानित

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर की एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य डॉ. विकास अग्रवाल को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन



(एबीडीएम) के तहत किये गए कार्यों के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता और महासचिव अतुल सिंघानिया ने डॉ. विकास अग्रवाल की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एनएचए ने एबीडीएम के तहत पूरे देश में 100 माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट चलाये थे जिसमें डॉ. विकास अग्रवाल की क्लिनिक भी थी। पूरे छत्तीसगढ़ से एबीडीएम के तहत डॉ. विकास अग्रवाल का चयन हुआ है। डॉ. अग्रवाल का यह प्रयास डीजिटल हेल्थकेयर को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। डॉ. गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के अन्य अस्पतालों, नर्सिंग होम और क्लिनिक से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को अधिक से अधिक अपनाने की अपील की है।

### झांझ वेटलैंड का टेंडर निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने नया रायपुर में झांझ वेटलैंड के समीप सेक्टर 24 में दो परियोजनाएं प्रस्तावित की हैं। इन परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। निविदाओं पर पर आपति जताते हुए रायपुर के डॉ.राकेश गुप्ता ने मुख्य सचिव सह वाईस चेयरमैन छत्तीसगढ़ स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी, एनआरएएनवीपी के चेयरमैन, सीईओ और प्रमुख अभियंता सहित छत्तीसगढ़ स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी के सदस्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में टेंडर निरस्त करने की मांग की है। हवाला दिया गया है कि झांझ वेटलैंड माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम.के.बालकृष्णन बनाम यूनियन के आदेशों के तहत एक अधिसूचित वेटलैंड है। जहां संरक्षण और प्रबंधन नियम, 2010 के नियम 4 लागू होते हैं। पिछले 10 वर्षों में (अर्थात वर्ष 2000) देखी गई औसत बाढ़ के स्तर (हाईएस्ट फ्लड लेवल) से 50 मीटर के भीतर नाव घाटों को छोड़कर स्थायी प्रकृति का कोई भी निर्माण प्रतिबंधित रहेगा।

### सीएम साय ने गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, समाज सुधारक और प्रखर विचारक श्री गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्यतिथि 19 फरवरी पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि गोखलेजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की बौद्धिक और नैतिक नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचारों और आदर्शों ने राष्ट्र की दिशा को नई ऊर्जा दी और अनेक स्वाधीनता सेनानियों को भी राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने के लिए प्रेरित किया। गोखलेजी का जीवन त्याग, निस्वार्थ सेवा और चारित्रिक दृढ़ता का प्रतीक था। उन्होंने आत्मिक विकास और नैतिक मूल्यों को राजनीति और समाज सुधार के केंद्र में रखा। देश के प्रति उनका योगदान भारतीय इतिहास में अमिट रहेगा और वे युवा पीढ़ी के लिए सदैव महान पथप्रदर्शक बने रहेंगे।

# 'डंकी' का ट्रेंड छग में नहीं, कानूनी तौर पर औसतन 30 व्यक्ति जाते हैं विदेश, इनमें आधे भिलाई के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


डंकी रूट अर्थात गैर-कानूनी रूप से अमेरिका जाने वालों को वापस भारत भेजा रहा है। ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से सैकड़ों की संख्या में डंकी रूट से जाने वाले भारतीय वापस भेजे गए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ से अब तक किसी भी व्यक्ति के डंकी रूट के जरिए अमेरिका जाने की सूचना नहीं मिली है। ट्रैवल एजेंट्स का कहना है कि छग के निवासियों में डंकी रूट अर्थात गैर कानूनी रूप से विदेश जाने का चलन नहीं है। छग से सालाना औसतन 25 से 30 व्यक्ति ही नौकरी के लिए विदेश जाते हैं। इनमें भी 50 प्रतिशत भिलाई के होते हैं। नौकरी के लिए विदेश जाने का सर्वाधिक ट्रेंड भिलाई वासियों में है। नौकरी के लिए बनवाए जाने वाले वीजा के आंकड़ों के अनुसार, नौकरी के लिए प्रदेश से विदेश जाने वालों में 80 प्रतिशत अमेरिका जाना पसंद करते हैं। शेष 20 प्रतिशत सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जाते हैं। इनके अलावा अन्य देशों के लिए वीजा घूमने के लिए ही बनवाते हैं। ये ट्रेंड भी पिछले दस वर्षों में ही बढ़ा है। इसके पूर्व नौकरी के लिए विदेश जाने वालों की संख्या अपवादस्वरूप ही रहा करती थी।

■ नौकरी के लिए अमेरिका के बाद सिंगापुर और यूएई है पहली पसंद

## डंकी रूट से अमेरिका जाने वाले भारतीयों को भेजा जा रहा है वापस

### नौकरी लगने के बाद ही वीजा

छग से नौकरी के लिए बाहर जाने वाले कंपनी द्वारा वहां पोस्टिंग दिए जाने के बाद ही वीजा के लिए अप्लायी करते हैं। वहां जाकर नौकरी के लिए आवेदन करने वालों या काम ढूंढने की स्थिति यहां के निवासियों के साथ नहीं है। अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ इसके लिए गृह विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र भी अनिवार्य होता है। गौरतलब है कि टूरिस्ट वीजा पर विदेश जाने पर अनिवार्यतः 90 दिनों के भीतर जिस देश में भ्रमण के लिए गए हैं, उसे छोड़ना होता है। वापस लौटकर पुनः भ्रमण पर जाया जा सकता है।



### 5 से 10 लाख में सौदा

ट्रैवल एजेंट कीर्ति व्यास के अनुसार, पंजाब में एजेंट 5 से 10 लाख तक में गैरकानूनी रूप से विदेश भेजने का आश्वासन देते हैं। कई केस में इससे अधिक राशि भी ली जाती है, लेकिन रायपुर सहित पूरे छग में इस तरह की स्थिति नहीं है। यहां ना तो इस तरह के ट्रैवल एजेंट सक्रिय हैं और ना ही स्थानीय निवासी गैर-कानूनी रूप से बाहर जाने में दिलचस्पी दिखाते हैं। अब तक लौटने वाले लोगों में एक भी व्यक्ति प्रदेश से नहीं है।

## आंबेडकर अस्पताल का ज्यादातर काम ऑफलाइन

# ठंडा पड़ गया साढ़े पांच करोड़ का डिजिटलाइजेशन प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



समय की आवश्यकता के अनुरूप आंबेडकर अस्पताल के कामकाज को डिजिटलाइजेशन करने की योजना ठंडी पड़ गई है। कुछ साल पहले तैयार किए गए साढ़े पांच करोड़ के इस प्रोजेक्ट को अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इसकी वजह से अस्पताल से संबंधित ज्यादातर काम ऑफलाइन मोड में पूरा किया जाता है। प्रोजेक्ट में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज और खाली बेड की जानकारी ऑनलाइन होनी थी, मगर अभी भी इसका काम मैनुअली तरीके से हो रहा है। आंबेडकर अस्पताल में प्रदेशभर से मरीज आकर इलाज कराते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए वहां भर्ती मरीजों की संख्या और उपलब्ध खाली बेड, आईसीयू और ट्रामा की स्थिति को आनलाइन किए जाने की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा योजना में अस्पताल के कामकाज को पेपरलेस करने पर भी जोर दिया गया था। इलाज के लिए भर्ती मरीज को आवश्यकतानुसार दूसरे विभाग में शिफ्ट करने के दौरान उससे संबंधित जानकारी ऑनलाइन तरीके से ट्रांसफर किए जाने प्रक्रिया शामिल थी। सभी विभागों का कामकाज पूरी तरह कंप्यूटरीकृत किया जाना था। योजना में करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए का खर्च होना था। बजट की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया, मगर उच्च स्तर पर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसकी वजह से अस्पताल का ज्यादातर काम मैनुअली तरीके से पूरा होता है। अस्पताल में ओपीडी, मरीजों की भर्ती मरीजों का कामकाज तो ऑनलाइन किया गया, शेष काम ऑफलाइन तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों तथा अस्पताल से संबंधित पुराने दस्तावेजों को संभाल पाना मुश्किल होता है। बदलते समय के अनुसार अस्पताल के कामकाज का डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता है। इससे विभिन्न दस्तावेजों को सालों तक कंप्यूटर में सुरक्षित रखा जा सकता है और भूलचूक जैसी संभावना भी काफी कम हो जाती है।

■ कामकाज को अपडेट करने की जरूरत, कागजी दस्तावेज संभालना मुश्किल

### *मैनुअली में अक्सर गड़बड़ी*

*अस्पताल में कामकाज के दौरान अपनाई जाने वाली मैनुअली प्रक्रिया में अक्सर गड़बड़ी होती है जिसका परिणाम मरीजों को भुगतना पड़ता है। मरीज के नाम अथवा अन्य जानकारियों की गलती के कारण कई बार उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसी तरह कई बार पुराने दस्तावेज की जरूरत होने पर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कामकाज ऑनलाइन होने से इस तरह की समस्याएं सामने नहीं आएंगी।*

### *सभी जानकारी एक क्लिक पर*

*राजधानी के ज्यादातर बड़े निजी अस्पताल के साथ एम्स का कामकाज ऑनलाइन तरीके से पूरा किया जाता है। आंबेडकर अस्पताल में मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट में भी दस्तावेज फाइलों में सिमटे हुए है। पिछले दिनों निरीक्षण के लिए पहुंचे स्वास्थ्य सचिव ने वहां के कामकाज को कंप्यूटरीकृत करने के योजना बनाने निर्देश दिए थे। इसे कार्यरूप में आने में काफी वक्त लगने की संभावना है।*


श्रम विभाग ने जारी किया आदेश, छोटे दुकानदारों को मिलेगी राहत

# छत्तीसगढ़ में नया दुकान एवं स्थापना अधिनियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने छोटे दुकानदारों को राहत और कर्मचारियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 और नियम 2021 को पूरे राज्य में लागू कर दिया है। साथ ही पुराना अधिनियम 1958 और नियम 1959 को निरस्त कर दिया गया है। श्रम विभाग के अनुसार नया अधिनियम पूरे राज्य में लागू होगा, जबकि पुराना अधिनियम केवल नगरीय निकाय क्षेत्रों में प्रभावी था। बदलाव से छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी, क्योंकि नया कानून केवल 10 या अधिक कर्मचारियों वाली दुकानों और स्थापनाओं पर ही लागू होगा। पहले बिना किसी कर्मचारी के भी सभी दुकानें अधिनियम के दायरे में आती थीं।

नए नियमों के तहत दुकान और स्थापनाओं के पंजीयन शुल्क को कर्मचारियों की संख्या के आधार पर तय किया गया है। न्यूनतम शुल्क एक हजार रुपये और अधिकतम 10,000 रुपये होगा। पहले यह शुल्क 100 से 250 रुपये तक था। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि नए अधिनियम के लागू होने के 6 महीने के भीतर सभी पात्र दुकानों और स्थापनाओं को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया श्रम विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जा सकेगी। कर्मचारी राज्य बीमा और भविष्य निधि में पहले से पंजीकृत दुकानें नए अधिनियम में स्वतः शामिल होंगी। पहले से पंजीकृत दुकानों को 6 महीने के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा, लेकिन इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। यदि 6 महीने बाद आवेदन किया जाता है, तो नियमानुसार शुल्क देना अनिवार्य होगा।



### श्रम विभाग करेगा पंजीयन

पहले दुकान और स्थापनाओं का पंजीयन कार्य नगरीय निकायों द्वारा किया जाता था। अब 13 फरवरी की अधिसूचना के अनुसार यह कार्य श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा। नए नियमों से छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी, पंजीयन प्रक्रिया सरल होगी और कर्मचारियों के अधिकारों का बेहतर संरक्षण किया जा सकेगा।

### कर्मचारियों के रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक रूप से मेंटेन करने होंगे

पुरानी व्यवस्था में दुकानों को सप्ताह में एक दिन बंद रखना अनिवार्य था। अब दुकानें 24 घंटे और पूरे सप्ताह खुली रह सकती हैं, बशर्ते कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। नई व्यवस्था के तहत कुछ सुरक्षा शर्तों के साथ महिला कर्मचारियों को रात में भी काम करने दिया जाएगा। सभी नियोजकों को अपने कर्मचारियों के रिकॉर्ड इलेक्ट्रॉनिक रूप से मेंटेन करने होंगे। हर साल 15 फरवरी तक सभी दुकान एवं स्थापनाओं को अपने कर्मचारियों का वार्षिक विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा। नए अधिनियम में जुर्माने की राशि बढ़ाई गई है, लेकिन अपराधों के कम्पाउंडिंग की सुविधा दी गई है, जिससे नियोजकों को कोर्ट की कार्रवाई से बचने का विकल्प मिलेगा। निरीक्षकों की जगह फैसिलिटेटर और मुख्य फैसिलिटेटर नियुक्त किए जाएंगे, जो व्यापारियों और नियोजकों को बेहतर मार्गदर्शन देंगे।

# कौशल्या विहार में करोड़ों की जमीन खाली, 7 साल में भी नहीं खुल पाया पेट्रोल पंप

■ सेक्टर 3 में 25 हजार वर्गफीट जमीन पंप के लिए सुरक्षित

■ प्राधिकरण ने कंपनियों से कई बार पत्राचार किया, एक भी कंपनी राजी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार प्रोजेक्ट में पेट्रोल पंप के लिए सुरक्षित 25 हजार वर्गफीट जमीन सालों से खाली पड़ी है। इस जमीन पर पेट्रोल पंप खोलने कंपनियों से प्राधिकरण ने कई बार पत्राचार किया, पर एक भी कंपनी इसके लिए राजी नहीं हुई। इसके कारण वहां के रहवासियों को पेट्रोल पंप की सुविधा नहीं मिल पायी।

दरअसल, पेट्रोल पंप खोलने की योजना साल 2018 की है। कौशिल्या विहार में आम जनता की सुविधा के लिए नया पेट्रोल पंप खोलने रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपने प्रोजेक्ट में बाकायदा सेक्टर 3 में 25 हजार वर्गफीट भूखंड सुरक्षित रखा है। वर्ष 2018 में इस भूखंड पर



पेट्रोल पंप खोलने की योजना रही। उस समय भूखंड का बाजार मूल्य 1610 रुपये प्रतिवर्ग फीट आंका गया। सूत्रों के मुताबिक अब नए सिरे से इस जमीन का रेट रिवाइज कर प्राधिकरण इसे सेलआउट करने निविदा जारी कर सकता है।

### आमोद-प्रमोद के लिए 40 हजार वर्गफीट जमीन डंप

इंद्रप्रस्थ रायपुरा में आमोद प्रमोद के लिए सुरक्षित 40 हजार वर्गफीट जमीन सालों से डंप है। इस बेशकीमती जमीन के विक्रय होने से रायपुर विकास प्राधिकरण को एकमुश्त राशि विक्रय के रूप में मिलेगी।

# अंबिकापुर में नक्शा प्रोजेक्ट की शुरुआत राज्य के तीन जिले किए गए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में डिजिटल भू-प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए नक्शा परियोजना की शुरुआत की गई। यह परियोजना देश के 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 141 जिलों में लागू की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, जगदलपुर और धमतरी को इस योजना में शामिल किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन से इस परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके तहत ड्रोन सर्वे के माध्यम से शहरी भू-सम्पत्तियों का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे संपत्ति विवादों का त्वरित समाधान होगा और भूमि स्वामित्व संबंधी रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी बनेंगे।

■ ड्रोन सर्वे से भूमि विवादों का समाधान, सम्पत्ति रिकॉर्ड में पारदर्शिता



उन्होंने इस अवसर पर कहा, यह परियोजना शहरी भूमि प्रबंधन को आधुनिक बनाएगी और सम्पत्तियों के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को जल्द सुलझाने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से सम्पत्तियों का हवाई सर्वे कर फोटो और वीडियो डेटा एकत्र किया जाएगा, जिसे भविष्य में सरकारी दस्तावेजों और भूमि रिकॉर्ड में सटीकता लाने के लिए उपयोग किया जाएगा।

### ऑनलाइन पोर्टल में उपलब्ध कराया जाएगा

अंबिकापुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर विलास भोसकर ने कहा कि डिजिटलीकरण के माध्यम से भूमि प्रबंधन को आसान और प्रभावी बनाया जाएगा। ऑनलाइन रिकॉर्ड होने से भू-राजस्व की सुरक्षा और योजनाओं की सफलता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना के तहत अंबिकापुर नगर निगम में ड्रोन सर्वे से भू-सम्पत्तियों का रिकॉर्ड तैयार कर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भविष्य में भूमि संबंधित विवादों का समाधान आसान होगा और शहरी विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी।

### भूमि का सटीक रिकार्ड उपलब्ध होगा- महाराज

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नक्शा परियोजना से भूमि के हर इंच का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिससे भू-राजस्व संबंधी समस्याएं खत्म होंगी और डिजिटल रिकॉर्ड के चलते पारदर्शिता बढ़ेगी। इससे शहरवासियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से बचाव मिलेगा और शहरी विकास की योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन संभव होगा। नक्शा परियोजना के शुभारंभ से अंबिकापुर ने डिजिटल क्रांति की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। इससे न केवल भू-संपत्तियों का प्रबंधन आसान होगा, बल्कि शहरी विकास को भी नया आयाम मिलेगा। ड्रोन तकनीक से होने वाला यह सर्वे भविष्य में शहरों के सुव्यवस्थित विकास की नींव रखेगा।

बड़ा बदलाव नहीं

# रात में चढ़ा पारा, दिन में एक डिग्री लुढ़का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। रात के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई, वहीं दिन का अधिकतम तापमान एक डिग्री तक कम हो गया। हवा में परिवर्तन होने की वजह से अगले दो दिनों में रात का पारा ही ऊपर की ओर खिसकने का अनुमान है। साथ ही गुरुवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना भी बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर स्थित है। इसके असर से प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में परिवर्तन हो रहा है। दक्षिण दिशा से आने वाली हवा ज्यादा असरदार तो नहीं होगी, मगर इससे रात का तापमान बढ़ते क्रम में रहने की संभावना है। मंगलवार की सुबह राजधानी में हल्की ठंड का

■ तापमान में दो दिन बढ़ोतरी के आसार



अहसास हुआ। कल की तुलना में आज दोपहर धूप का प्रभाव कम था। विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को होने वाली मामूली बूंदाबांदी का असर पूर्वी भाग में ही रहने की संभावना है। फरवरी का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के बाद दिन में धूप के तेज होने का अहसास हो रहा है, मगर रात में हल्की ठंड का प्रभाव महसूस हो रहा है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश का सबसे कम तापमान अंबिकापुर का 12.7 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं दिन का अधिकतम तापमान जगदलपुर का 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा अब निगम के सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजेगा। बकाया करों की राशि के भुगतान में कोताही बरतने वालों पर कड़ाई बरतने की तैयारी है। नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजली शर्मा ने मंगलवार को 4 जोन के राजस्व विभाग की समीक्षा के लिए बैठक ली। बैठक में जोन अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी बकायादारों को तत्काल डिमांड नोटिस जारी किया जाये। नगर निगम जोन 1, 4, 8 एवं 9 के राजस्व विभाग की समीक्षा मंगलवार को अपर आयुक्त और उपायुक्त ने की। निगम राजस्व



अधिकारी क्षीरसागर नायक सहित सहायक राजस्व अधिकारी, संबंधित जोन के राजस्व विभाग अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम के सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी कर राजस्व वसूली अभियान चलाया जाये।

### ईवीएम से चुनाव जीतती है भाजपा : सनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनेंद्रगढ़ जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर कांग्रेस को मजबूत किया। छत्तीसगढ़ भवन



एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने सभी जीते हुए प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है, एक तरफ नगर निकाय चुनाव में भाजपा ईवीएम मशीन से चुनाव जीत हासिल कर रही है, दूसरी तरफ जिला पंचायत चुनावों में इनका खाता तक नहीं खुल रहा है, जो काफी विचारणीय है। श्री अग्रवाल ने कहा, बैलेट से चुनाव होने पर पारदर्शिता होती है, आगे बैलेट से समस्त चुनाव हों, जिस पर राष्ट्रीय दल के हमारे समस्त नेताओं को इस पर जमीनी स्तर पर आंदोलन करने की जरूरत है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिज़र्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025,
23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलाते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02


साइबर खतरा बना वैश्विक समस्या....

## एजूकेशन अपडेट

### प्रीलिम्स के मॉडल उत्तर पर आपत्ति 21 तक, प्रत्येक प्रश्न के देने होंगे 50 रुपए

**रायपुर।** राज्य सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा के मॉडल उत्तर पिछले दिनों जारी किए गए थे। इस पर 21 फरवरी तक ऑनलाइन आपत्ति की जा सकती है। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति के लिए 50 रुपए निर्धारित है। हालांकि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली परीक्षाओं के लिए प्रदेश के अभ्यर्थियों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाता है। यह निशुल्क है। आपत्ति के लिए शुल्क लेने पर उम्मीदवार निराश हैं। उनका कहना है कि जब परीक्षा शुल्क माफ है तो फिर दावा-आपत्ति के लिए फीस क्यों ली जा रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से यह परीक्षा 9 फरवरी को ली गई थी। मॉडल उत्तर सीजीपीएससी की अधिकृत वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

#### वेबसाइट पर उपलब्ध है उत्तरकुंजी

सीजीपीएससी की ओर से यह आंसर-की आधिकारिक वेबसाइट /www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को सलाह दी जाती है कि वे पोर्टल पर जाकर इसे डाउनलोड कर लें। साथ ही अगर किसी प्रश्न पर कोई ऑब्जेक्शन है तो वे इसके लिए चुनौती दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए पोर्टल पर लॉगइन करना होगा। साथ ही निर्धारित प्रारूप में उत्तरकुंजी पर ऑब्जेक्शन प्रोसेस को पूरा करना होगा।

#### यूजी फर्स्ट ईयर के नतीजे इस सप्ताह से

बीए, बीकॉम व बीएससी फर्स्ट ईयर के नतीजे इस सप्ताह से जारी होने लगेंगे। इसे लेकर रविवि में तैयारी की जा रही है। यूजी फर्स्ट ईयर इस सत्र से सेमेस्टर प्रणाली लागू है। इसके अनुसार फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा जनवरी में हुई थी।

## एग्जाम लाइव

### एग्जाम में केवल सही और सटीक जवाब से ही मिलेंगे पूरे नंबर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं, बारहवीं बोर्ड एग्जाम की समय सारिणी जारी की गई। इन दिनों विद्यार्थी अपने बेहतर परिणाम के लिए निरंतर प्रयास कर रहे। बोर्ड एग्जाम में स्कोरिंग विषय अभ्यर्थियों को अच्छे अंक हासिल करने में मदद करता है, ऐसे में गणित व अंग्रेजी सरल और स्कोरिंग विषयों में शामिल है। इसके लिए अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होगी, कुछ सामान्य टिप्स से ही अच्छे अंक हासिल किए जा सकते हैं। शहर के शासकीय स्कूलों में कार्यरत विषय विशेषज्ञों द्वारा दसवीं, बारहवीं के अभ्यर्थियों को तैयारी को बेहतर बनाने के लिए जानकारी दी गई।

#### अपने शब्दों में लिखते वक्त प्लानिंग और कोटेशन लिखे

अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ अंजू सूद ने बताया कि बोर्ड एग्जाम में कम समय बचा है, ऐसे में अंग्रेजी विषय की तैयारी करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना जरूरी है। पढ़ाई के दौरान विद्यार्थी ब्यूप्रिंट को समझें, अधिकतर कम अंक वाले प्रश्नों को हल करने में छात्र अधिक समय खर्च करते हैं। आर्टिकल और ऐसी राइटिंग के लिए करेंट टॉपिक को समझें और किताबों से रट्टा मारने के बदले प्रश्नों को समझने का प्रयास करें। यह सामान्य जानकारी अभ्यर्थियों को नहीं होती, जिसके कारण हर साल विद्यार्थियों के नंबर कटते हैं।

#### विद्यार्थी फास्ट रीडिंग हैबिट बनाकर चलें

- सीन-अनसीन पैसेज लिखते समय 2-3 बार पढ़कर लिखना शुरू करें।
- नोटिस, एडवरटाइजमेंट और रिपोर्ट राइटिंग में अधिक नंबर मिल सकते हैं।
- ग्रामर को सही करने के लिए लिखकर समझने की कोशिश करें।
- सप्लीमेंट्री बुक से 6 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखें।
- विभिन्न 4 विषयों में आर्टिकल और ऐसे याद करें।

#### सही उत्तर क्रमांक लिखना जरूरी

*गणित विषय के शिक्षक अखिल खरे ने बताया कि उत्तरपुस्तिका जांच के दौरान सामान्य गलतियां बच्चे करते हैं, जिससे उनके नंबर कम हो जाते हैं। बोर्ड एग्जाम के दौरान सही उत्तर क्रमांक लिखना जरूरी है, इसके आधार पर ही अंक दिए जाते हैं। उत्तर सही होने के बाद भी छात्रों के नंबर कटने का मुख्य कारण ही प्रश्न क्रमांक होता है, बार-बार जानकारी के बाद भी विद्यार्थी यह गलती दोहराते हैं।*

- कठिन सूत्र को उत्तरपुस्तिका के पीछे लिखें, इससे गलतियों में कमी हो जाएगी।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में महत्वपूर्ण ऑब्जेक्टिव प्रश्न दिए गए हैं, उसे याद करें। परीक्षा में आंकिक प्रश्न इनसे ही पूछे जाते हैं।
- शुरुआत के 15 मिनट प्रश्नों को समझें।
- उत्तर लिखते समय सही क्रमांक और आबंटित अंक लिखें।
- स्टेप मार्किंग पद्धति होने के कारण किसी भी प्रश्न को न छोड़ें।
- इसमें सही सूत्र लिखने पर भी नंबर मिलते हैं।
- गणित के प्रश्नों की तैयारी लिखकर करें, इससे लंबे समय तक याद रहेगा।

### एनसीसी की ट्रेनिंग के जरिए शारीरिक रूप से खुद को तैयार कर रहीं युवतियां

# देशभक्ति का जुनून... अग्निवीर बनने बेटियों ने शुरू की तैयारी, मैदान में बहा रहीं पसीना

**अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने का उत्साह अब सिर्फ युवाओं में नहीं, बल्कि युवतियों में भी तेजी से बढ़ रहा है। देशसेवा और प्रशासनिक सेवा में अपनी जगह बनाने का सपना लेकर युवतियां इस योजना का हिस्सा बनना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने अब मैदानों में कड़ी तैयारी शुरू कर दी है और एनसीसी की ट्रेनिंग के माध्यम से शारीरिक रूप से खुद को तैयार कर रही हैं। कुछ वर्षों तक यह योजना केवल लड़कों तक सीमित थी, लेकिन अब युवतियां भी अपने अंदर के संघर्ष और चुनौतियों को स्वीकार कर अग्निवीर बनने की दिशा में सक्रिय हो गई हैं। यह एक नई और प्रेरणादायक शुरुआत है।**



**रायपुर।** एनसीसी के कैडेट्स के लिए अग्निवीर योजना एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म बन चुकी है, जहां वे सी सर्टिफिकेट हासिल कर 10 अंकों का अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हरिभूमि टीम ने उन युवतियों से बातचीत की, जो अग्निवीर बनने के लिए निरंतर मेहनत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे सुबह से शाम तक फिजिकल और थ्योरी की ट्रेनिंग में जुटी हैं, ताकि अग्निवीर में अपनी जगह बना सकें। एक कैडेट ने कहा, देशसेवा में लड़का और लड़की दोनों का योगदान बराबरी का है। हमारा सपना है कि हम अग्निवीर योजना का हिस्सा बनकर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें। यह हमें अनुशासन और समय का महत्व सिखाता है। यह बदलाव दिखाता है कि अब लड़कियां भी इस दिशा में अग्रसर हो रही हैं। युवतियां अब अग्निवीर योजना में अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



#### प्रशासनिक अधिकारी बनकर देशसेवा करना लक्ष्य

अधिकारियों को फौज की वर्दी पहने देख बचपन से ही उसे हासिल करने की इच्छा मन में रही। मेरे लिए वह केवल वर्दी नहीं है, बल्कि उस काम के साथ मेरी भावनाएं भी जुड़ी हुई है। 20 वर्षीय एनसीसी कैडेट तनु सिन्हा ने बताया कि बचपन से ही आर्मी में जाने का लक्ष्य तय किया। वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा अग्निवीर योजना में भर्ती की तैयारी जारी है, एक प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। इसमें भर्ती के लिए पहले लिखित परीक्षा पास करनी होती है, पहले अटेंप्ट में त्रुटियों के कारण मेरा सलेक्शन नहीं हो पाया था। इस वर्ष दुबारा परीक्षा की तैयारी जारी है, जिसके लिए कॉलेज, एनसीसी की एक्टिविटी और पढ़ाई कर रही हूं। अपनी तैयारी परखने के लिए स्टेट पुलिस में फिजिकल एग्जाम में भी शामिल हुई, इससे खुद को बेहतर बनाने का सिलसिला जारी रहता है।





#### रिटर्न एग्जाम की तैयारी

अग्निवीर में शामिल होने के लिए रिटर्न एग्जाम पास करना पहला टास्क है। बीते दो साल पहले एनसीसी में शामिल होने का मौका मिला, जहां अन्य कैडेट्स को अग्निवीर में भर्ती होता देख प्रेरणा मिली है। कैडेट दिव्या पटेल ने बताया कि एनसीसी से थ्योरी और फिजिकल ट्रेनिंग की तैयारी में मदद मिल जाती है, ऐसे में सी सर्टिफिकेट वाले कैडेट्स को 10 अंक की छूट भी मिलती है। इन दिनों सुबह-शाम कॉलेज और अग्निवीर के लिए रिटर्न एग्जाम की तैयारी कर रही, अच्छे नंबर ही लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे। माता-पिता की इच्छा है कि मैं छत्तीसगढ़ में ही रहकर पढ़ाई और काम करूं, लेकिन मेरा सपना अग्निवीर में शामिल होना है।

#### देशसेवा के लिए अग्निवीर में होना चाहती हैं शामिल

कैडेट ईशा ने बताया कि बचपन से ही आर्मी में रुचि रही। घर पर परिजनों को आर्मी में भर्ती के लिए ट्रेनिंग करते देख मेरा भी लक्ष्य आर्मी में भर्ती होना ही बन गया। इन दिनों रिटर्न एग्जाम और सी सर्टिफिकेट में अच्छे अंक हासिल करने की तैयारी जारी है। मेरे अनुसार अग्निवीर योजना में देशसेवा का युवाओं को मौका मिल रहा है, प्रदेश से एनसीसी के कई कैडेट अग्निवीर में शामिल हुए हैं, जो अन्य अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणास्वरूप हैं। वर्तमान समय में मेरा लक्ष्य अग्निवीर में शामिल होकर पांच साल तक देश की सेवा करना है।

## न्याय प्रशासन के तंत्र को मजबूत करने बने वकील कमजोर वर्ग के लिए संवेदनशील होना जरूरी

**रायपुर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी में 'नए आपराधिक कानूनः दंडात्मक सुधार से न्याय सुनिश्चित करने की यात्रा तक' विषय पर सेकंड राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति टीपी शर्मा, पूर्व प्रमुख लोकायुक्त ने किया। यूनिवर्सिटी की प्रो-वाइस चांसलर लक्ष्मी मूर्ति ने कहा कि कार्यक्रमों से छात्रों को नए आपराधिक कानूनों से परिचित होने का अवसर मिलता है और वे न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया में योगदान दे सकते हैं।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश एनसी सांखला ने पारंपरिक भारतीय दर्शन का हवाला देते हुए क्षमा, तपस्या और दंड के विषय पर चर्चा की। वहीं डीएजी प्रवीण दास ने नए कानूनों की विशेषताओं को साझा किया और बताया कि इनका फोकस सुधारात्मक सिद्धांतों और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने पर अधिक है।




नए आपराधिक कानून पर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

#### विधि छात्रों को सतर्क रहने की सलाह

एआईजी डॉ. अभिषेक पल्लव ने विधि छात्रों को सतर्क रहने और विधि के शासन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास करने का आह्वान किया। मेजर जनरल पीके शर्मा ने उम्मीद जताई कि नए आपराधिक कानून दंडात्मक सुधारों की पुरानी अवधारणाओं को बदलते हुए न्याय प्रदान करते रहेंगे। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति टीपी शर्मा ने कहा कि भविष्य में ऐसे वकील बनेंगे, जो न्याय प्रशासन के तंत्र को मजबूत करेंगे और इसे समाज के कमजोर वर्ग के लिए अधिक संवेदनशील व सुरक्षात्मक बनाएंगे। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ) पंकज उंबरकर, एसोसिएट प्रोफेसर एचएनएलयू, एडवोकेट अली अफजल मिर्जा, हिना इलियास, सहायक प्रोफेसर, एचएनएलयू, एडवोकेट जैद अली, रितिका वर्मा, विधि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. जे. सुभान, प्रो. (डॉ.) सोना कुमार उपस्थित थे।

## छत्रपति शिवाजी जयंती पर नृत्य नाटिका-पोवाड़ा आज

**रायपुर।** राष्ट्र के गौरव और स्वाभिमान के लिए मुगल शासकों को लोहे के चने चबवाने वाले महान योद्धा और हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती बुधवार 19 फरवरी को शाम 6.30 बजे प्रियदर्शिनी नगर स्थित महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंडल की युवा समिति की ओर से शिवाजी महाराज के जन्म से अवसान तक की वीरगाथा, नृत्य नाटिका, पोवाड़ा जैसी विविध रोचक व मनोरंजक प्रस्तुतियां होंगी। युवा समिति की प्रमुख शुचिता देशमुख ने बताया कि छत्रपति शिवाजी की जयंती पर शिवराया के जीवन से संबंधित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति श्रावणी मुकादम करेंगी। वहीं चौबे कालोनी केंद्र की महिलाएं पोवाड़ा (गायन के साथ जीवनगाथा) पेश करेंगी।

#### हर माह शिवाजी महाराज की महाआरती

तन्मय बक्षी शिवाजी महाराज के रोचक प्रसंग सभी के साथ साझा करेंगे। बताते चलें कि महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति की ओर से गत तीन वर्षों से हर माह की 19 तारीख को छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती की जाती है। जबकि फरवरी माह के 19 तारीख को महाआरती का विशेष महत्व छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिन के कारण होता है। इस दिन को महाराष्ट्र मंडल सहित राजधानी की अनेक संस्थाएं छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव के रूप में मानती हैं।

### प्रेस क्लब पहुंची एक्ट्रेस अदिति गोवित्रिक, कहा-ओटीटी पर अच्छे और टैलेंटेड लोग नजर आ रहे हैं

## मां बनना और बच्चों की परवरिश करना मेरे लिए सबसे मुश्किल काम

कार्नर न्यूज

**बॉलीवुड एक्ट्रेस और मिसेज वर्ल्ड 2001 की विजेता अदिति गोवित्रिकर ने मंगलवार को प्रेस क्लब रायपुर में कार्यक्रम के दौरान अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। अदिति ने बताया कि उनका बचपन से ही सपना डॉक्टर बनने का था, लेकिन समय के साथ उनका रुझान मॉडलिंग और अभिनय की ओर बढ़ा। साल 2001 में उन्होंने मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीता और पिछले साल 2024 में मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता के निर्णायक पैनल का हिस्सा भी बनीं।**

*रायपुर। अदिति ने आगे कहा, मुझे हमेशा नए-नए प्रोफेशन में काम करने का आनंद मिलता है। मैं मॉडल, अभिनेत्री, साइकोलॉजिस्ट और कॉर्पोरेट ट्रेनर सभी क्षेत्रों में काम कर चुकी हूं और मुझे इनमें से किसी में भी काम करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर मुझे किसी पेशे में मजा नहीं आता है तो मैं वह काम नहीं करती, क्योंकि जीवन बहुत छोटा है और हमें अपने पसंदीदा काम में ही आनंद मिलता है।*




#### बच्चों को दें सही परवरिश

मां बनने के अनुभव को भी साझा करते हुए उन्होंने कहा, मैं एक साइकोलॉजिस्ट हूं, लेकिन मेरे लिए मां बनना और बच्चों की परवरिश करना सबसे कठिन तथा चुनौतीपूर्ण कार्य है। एक मां के रूप में हम हमेशा चाहते हैं कि अपने बच्चों को सही परवरिश दें और उन्हें अच्छी शिक्षा मिले। अदिति ने कहा कि शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी है और ये मानती हैं कि किसी भी कॅरियर में सफलता पाने के लिए अच्छे से पढ़ाई करना बहुत जरूरी है।

#### साइकोलॉजिस्ट कहलाना दिल के करीब

एक्ट्रेस अदिति कहा कि साइकोलॉजिस्ट के रूप में काम करना उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। उन्होंने बताया कि उनका बचपन से सपना था कि वे डॉक्टर बनें और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाएं। इसलिए वे इवेंट्स और कॉर्पोरेट शोज में साइकोलॉजिस्ट के रूप में भाग लेती हैं और वर्कशॉप्स आयोजित करती हैं। साइकोलॉजिस्ट कहलाना मेरे दिल के बहुत करीब है। फिल्में और मॉडलिंग मेरे लिए पैरेलल प्रोफेशन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तीनों ही पेशे में काम करने का अनुभव उन्हें अलग-अलग लोगों से मिलने और नए दृष्टिकोण को समझने का मौका देता है। अदिति ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते अवसरों की सराहना करते हुए कहा, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अब अच्छे और टैलेंटेड लोग नजर आ रहे हैं। यहां वे ही लोग सफल हो रहे हैं, जो अभिनय में पूरी तरह से समर्पित हैं।

## समाज लाइव

# विराट कवयित्री सम्मेलन 23 मार्च को प्रदेशभर से कवि प्रस्तुत करेंगे रचनाएं




**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान द्वारा आयोजित काव्य संध्या और रचनाकारों के सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम साहित्य सृजन संस्थान के 30वें मासिक काव्य सत्र का हिस्सा था, जिसमें कोरबा, बिलासपुर, दल्लीराजहरा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बागबाहरा, खरोरा, महासमुंद और रायपुर के रचनाकारों ने भाग लिया और अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संस्था के संरक्षक डॉ. संजय अलंग और अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा ने बताया कि साहित्य सृजन संस्थान पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ के 143 रचनाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने, प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने का कार्य कर रहा है। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता खरे मधु ने जानकारी दी कि आगामी 23 मार्च को महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत विराट कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की प्रसिद्ध कवयित्रियों के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों से आमंत्रित कवयित्रियां भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगी।

### काव्य पाठ ने छुआ श्रोताओं का दिल

काव्य संध्या के दौरान कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं से जोरदार तालियां बटोरीं। सुषमा प्रेम पटेल ने ओढ़ चुनरियां वासंती जब, वसुधा गीत सुनाती है, स्वागत में ऋतुराज तुम्हारे, सरगम नए सजाती है। पल्लवी झा ने बहारों ने पुकारा है, यहां पुरवा सुहानी है। खिलीं कलियां सजीं गलियां, खुशी इनसे चुरानी है, कविता सुनाई। कार्यक्रम में सुरेंद्र रावल, राहुल साहू, मन्नूलाल यदु, किशोर लालवानी, अशोक दास, राजेंद्र रायपुरी, रूमाली चक्रवर्ती, अनिल श्रीवास्तव, जाहिद हबीब खान, समर, राजेश जैन राही, कुमार जगदलवी, डॉ. चंद जैन, अंबिका शर्मा, सत्येंद्र तिवारी, विवेक भट्ट, आरव शुक्ला, धनेश्वर सोनी, डॉ. अर्चना पाठक और रीना अधिकारी समेत प्रमुख रचनाकारों ने भी अपना सशक्त काव्य पाठ किया, जो श्रोताओं के दिलों को छू गया।

## धर्म लाइव

# 13 और 14 अप्रैल को मनेगी बाबा साहेब की जयंती, बैठक में लिया निर्णय



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ और सलाहकार मंडल की आवश्यक बैठक सेक्टर-6 स्थित डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में हुई। बैठक में समस्त धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्य सामूहिक रूप से मौजूद थे। बैठक में 13 और 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी दिनों में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और अंतिम निर्णय लिए जाने सहमति बनाई गई। यह जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुछ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### संगोष्ठी का होगा आयोजन

आगामी दिनों में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। फिलहाल आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि बार के आयोजन में सांस्कृतिक आयोजन के अलावा प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के वरिष्ठजन और साहित्यकार बाबा साहेब पर अपने विचार रखेंगे।

## सिटी इवेंट

# गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार बनता है श्रेष्ठ



**रायपुर।** गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है। अच्छी बातों को सुनना आता है, सुन लेते हैं पर मानना और जीवन में अपनाना नहीं आता। यहा बातें ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने कहीं। सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में आयोजित ध्यान शिविर में सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने व्यवहारिक बातों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अच्छे गुणों के स्मृति स्वरूप से वृत्ति बनती है, वृत्ति से कर्म और कर्म से बोल।

### दुआएं दो और दुआएं लो

हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है जिसमें भाव और भावनाएं निहित होती हैं। जड़ और तना जितना मजबूत होता है वृक्ष उतना ही ज्यादा शक्तिशाली मजबूत होता है, जो योग्य होता है उसे ही जिम्मेंदारी मिलती है। सरिता बहन ने सभी को दुआएं दो और दुआएं लो का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने तीन बातों पर ध्यान देते हुए परचिंतन, परदर्शन, परमत (कुसंग) को छोड़कर श्रेष्ठ संग को अपनाने की प्रेरणा दी।

● देश के आईआईटी विशेषज्ञों ने कहा- सॉफ्टवेयर हैक करना अब बहुत आसान, डेटा सुरक्षा पर करना होगा काम

# साइबर खतरा बना वैश्विक समस्या, भविष्य में डेटा के लिए होंगे युद्ध, डिजिटल युग में इसकी चोरी रोकना नई चुनौती

अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 'एम्पॉवरिंग एंटरप्रेन्योरः साइबर एंड नेटवर्क सिक्योरिटी अवेयरनेस फॉर थ्रेट प्रिवेंशन' थीम पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के खतरे से निपटने के लिए उद्यमियों, शिक्षाविदों और छात्रों को आवश्यक ज्ञान और नवीनतम उपकरणों से अवगत कराना है। हरिभूमि टीम ने मंगलवार को ट्रिपलआईटी पहुंचे विशेषज्ञों से बातचीत की।

**रायपुर।** कार्यशाला में देश के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और ट्रिपलआईटी संस्थानों के विशेषज्ञों ने साइबर तथा नेटवर्क सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विशेष रूप से कंप्यूटर सर्वर, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, नेटवर्क और डेटा सुरक्षा पर चर्चा की गई। एचएनएलयू के प्रोफेसर योगेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर और डेटा हमलों से बचाव अब एक चुनौती बन गया है। इस संदर्भ में जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अगर हम अपने छात्रों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित करें तो वे इस क्षेत्र में उद्यम स्थापित कर सकते हैं। अभी हम साइबर सुरक्षा उत्पादों के लिए अमेरिका और चीन पर निर्भर हैं। अगर इस क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में उद्यम स्थापित होंगे तो हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं।




### थर्ड पार्टी ऐप्स पर इमेल ना डालें



साइबर सुरक्षा पर आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर एसके सुबिध अली ने बताया कि पहले सॉफ्टवेयर हैक करना कठिन था, लेकिन अब एक छोटी सी चिप के माध्यम से यह बहुत आसान हो गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि आम आदमी यदि थर्ड पार्टी ऐप डाउनलोड करके इस्तेमाल कर रहा है, तो उसमें अपने महत्वपूर्ण इमेल या ऐसे नंबरों को न जोड़ें, जो उन्होंने बैंक, आधार जैसी संवेदनशील जगहों पर दिए हैं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि कॉमर्स वेबसाइट्स पर अपने मुख्य नंबर को न डालें, जिसे आपने पहले से महत्वपूर्ण स्थानों पर साझा किया है। सरकार इस प्रकार के कार्यशालाओं को बढ़ावा दे रही है, ताकि भारत को साइबर, डेटा सुरक्षा और अन्य सुरक्षा उत्पादों के लिए विदेशों पर निर्भर न रहना पड़े। भविष्य में चिप का निर्माण देश में बड़े स्तर पर होने की संभावना है, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम होगा।

### डेटा चोरी की बढ़ती चुनौती



आईआईटी गुवाहाटी के प्रोफेसर सुकुमार नंदी ने बातचीत के दौरान बताया कि भविष्य में युद्ध डेटा के माध्यम से लड़े जाएंगे। उदाहरण के तौर पर यदि हमने किसी कंपनी के जूते ऑनलाइन देखे तो तुरंत ही हमें वही जूते कॉमर्स एप्स पर दिखने लगते हैं। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती डेटा की चोरी है। किसी भी सिस्टम में संदिग्ध ई-मेल अटैचमेंट को क्लिक कर या अज्ञात यूएसबी ड्राइव को प्लग इन कर आसानी से वायरस डाले जा सकते हैं। इसलिए नवीनतम साइबर खतरों से बचने के लिए अपने डेटा को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।

### फिशिंग और डिजिटल साइबर अटैक के विभिन्न रूप



ट्रिपलआईटी नया रायपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल अमीन ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्थानों के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को साइबर, नेटवर्क और डेटा सुरक्षा की ट्रेनिंग देना है। इसके अलावा उन्हें साइबर सुरक्षा में उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में साइबर अटैक के कई रूप हैं, जैसे रैंडम, इनसाइड, फिशिंग और डिजिटल अटैक। इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक युवा साइबर और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में काम करें, ताकि भविष्य में साइबर अटैक से बचा जा सके।

# गोपाल मंदिर में फूलों की होली कुंज एकादशी से रंग-गुलाल भी

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में फूलों की होली खेली गई, इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने गेंदा और गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। प्रत्येक वर्ष वृंदावन, बनारस की तर्ज पर 40 दिन पहले ही शहर के होली पर्व का उत्साह श्रीकृष्ण मंदिरों में देखने को मिलता है। मंदिर प्रांगण में भजन मंडली की महिलाओं ने ढोल, मंजीरे की धुन पर फाग गीत गाए और जमकर झूमते रहे। मंदिर के पुजारी हरेंद्र ने बताया कि कुंज एकादशी से रंग-गुलाल के साथ होली खेली जाएगी। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा और भगवान के लिए प्राकृतिक फूलों की मदद से गुलाल तैयार किया जाएगा। होली महोत्सव के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिलती हैं। लगभग एक सप्ताह बाद दोबारा फूलों की होली मंदिर में खेली जाएगी।



### भक्तिरस में झूमते नजर आए भक्त



आज बिरज में होली रे रसिया...सखी मिलके फाग मनाओ...जैसे फाग गीतों पर भजन संध्या का आयोजन किया गया है। होली उत्सव में महिला समूह द्वारा भजन संध्या का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जाता है, जहां बच्चे, युवा, पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल होते हैं। फूलों की होली में श्रद्धालु भक्तिरस में झूमते गाते नजर आए।

### सजा श्रीकृष्ण का दरबार, मंदिरों में महोत्सव

होली उत्सव के अवसर पर रोजाना शहर के श्रीकृष्ण मंदिरों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर स्थित गोपाल मंदिर, महादेवघाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, पुरानी मंदिर स्थित गोपीदास मंदिर, बुढ़ातालाब स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर, समता कॉलोनी स्थित गोपाल मंदिर, इस्कॉन मंदिर जैसे अनेक मंदिरों में महोत्सव मनाया जा रहा है। सभी मंदिरों में कुंज एकादशी पर भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जहां शहरवासी आपस में मिलकर भगवान के साथ होली खेलेंगे।



राधाकृष्ण गोपाल मंदिर में श्रीमद भागवत कथा

# बालकृष्ण की सुंदरता से तो कामदेव भी हो गए थे पराजित

**रायपुर।** भगवान राम का जीवन अनुकरणीय है, वहीं श्रीकृष्ण का जीवन श्रवणीय। हमें भगवान राम के बताए हुए आदर्शों पर चलना चाहिए। वहीं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की कथा सुनने मात्र से ही प्राणियों का कल्याण हो जाता है। ये बातें पुरानी बस्ती स्थित श्रीराधाकृष्ण गोपाल मंदिर के 34वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा में मंगलवार को कथाव्यास पं. गोपालशरण देवाचार्य ने कही। आगे बताया कि भगवान विष्णु ने राजा बलि का अभिमान तोड़ने के लिए वामन रूप में सारी सृष्टि को तीन पग में नाप लिया था। कथा के दौरान प्रभु की सुंदर झांकियों ने भी लोगों को आकर्षित किया। इसके बाद भगवान त्रेतायुग में श्रीराम के रूप में अवतरित हुए और संसार को रावण के त्रास से मुक्त किया।

### आज भगवान को लगाएंगे 56 भोग

भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए गोपालशरण महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण की सुंदरता से तो कामदेव भी पराजित हो गए थे। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। आज होने वाली कथा के बारे में आचार्य पं. श्याम शरणदेव ने बताया कि छठवें दिन गिरिराज गोवर्धन पर्वत की कथा का वर्णन किया जाएगा। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाया जाएगा।

### 'ब्रज में हो रही जय-जयकार'

कथाव्यास ने भागवत कथा में महाराज ययाति चंद्रवंशी वंश का वर्णन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि ययाति के बड़े पुत्र यदु हुए। उन्हीं के वंश में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी को रात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में हुआ। भगवान कृष्ण ने संसार को अंधेरे से प्रकाश में लाने के लिए जन्म लिया और अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञानरूपी प्रकाश से दूर किया। भगवान कृष्ण को जब वसुदेव यशोदा मैया के घर लेकर जा रहे थे तो शेषनाग ने छाया की और यमुना माता ने चरण छुए। कृष्ण को नंदबाबा के घर छोड़कर यशोदा मैया की कन्या को लेकर वापस कंस के कारागृह में आए। कथा में कृष्णोत्सव मनाया गया। कथा में जैसे ही भगवान का जन्म हुआ, पूरा आयोजन स्थल 'ब्रज में हो रही जय-जयकार' के भजन से गूंज उठा।

कार्नर न्यूज

14 मार्च को सूर्य देव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे

# 100 साल बाद होली पर त्रिग्रही योग, ग्रहों की चाल में बदलाव से मिलेगी हर क्षेत्र में सफलता

**रायपुर।** फागुन माह की पूर्णिमा तिथि की रात को होलिका दहन किया जाएगा, जिसके अगले दिन होली खेली जाएगी। इस बार 13 मार्च को होलिका दहन है और 14 मार्च को रंगों की होली मनाई जाएगी। परंतु इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण का साया बना हुआ है। 14 मार्च को सुबह 9 बजकर 29 मिनट से चंद्रग्रहण लगने जा रहा है, जो दोपहर 3 बजकर 29 मिनट तक रहेगा, परंतु भारत में यह चंद्रग्रहण नहीं नजर आएगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। ज्योतिषियों की मानें तो ग्रहण के दौरान चंद्रमा कन्या राशि और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे। इस दौरान कन्या राशि में पहले से ही केतु रहेंगे, जिससे दो ग्रहों की युति होगी। माना जा रहा है कि इस युति से 'ग्रहण योग' बन रहा है, इसलिए इस अवधि में कुछ कार्यों को करने से बचना चाहिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि ग्रहण के दौरान क्या करें और क्या न करें।

### तीन राशियों को लिए लाभकारी



इस बार होली पर तीन शक्तिशाली ग्रहों की युति बनेगी, जिससे त्रिग्रही योग बनेगा। इस त्रिग्रही योग से तीन राशियों के जातकों के धन-धान्य में वद्धि होगी और हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि समय-समय पर ग्रहों की चाल में बदलाव होता है। ग्रहों की चाल में बदलाव होने से राजयोग और त्रिग्रही योग बनता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की चाल में बदलाव होने से जो भी योग बनते हैं, उससे सभी 12 राशियां प्रभावित होती हैं। इस बार होली पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग बनने जा रहा है।



### 14 मार्च से लगेगा खरमास

*14 मार्च शुक्रवार को होली है और इसी दिन सूर्य देव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के मीन राशि में गोचर करते ही खरमास शुरू होगा। 14 अप्रैल को सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे और उस दिन खरमास समाप्त होगा। इसलिए खरमास 14 मार्च से शुरू होकर 14 अप्रैल तक रहेगा।*

### होलिका दहन पर भद्रा का समय

*13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 8.14 बजे तक रहेगा। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा, जो रात 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा। होलिका दहन के लिए 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 मिनट से देर रात 12 बजकर 30 मिनट का समय उत्तम है। होलिका दहन के लिए करीब 1 घंटे का शुभ मुहूर्त है।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम आन्ध्र रवाना



**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस महिला/पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 28 फरवरी काकीनाडा आंध्र प्रदेश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ऑल इंडिया से 44 टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम में रश्मि संध्या एक्का, मोनिका वैरागड़े, भावना गुप्ता, हर्षा साहू, शाहिना परवीन, अंजुम रहमान,संजू साहू, सुमन यादव ,रीठा साहू, माया यादव, शारदा मंडावी, मंजू शर्मा, चंद्रावती मीरे, यामनीश शुक्ला,तुलसी साहू, चेतना ध्रुव और जगमोतीन दुग्गे शामिल है।

### ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप में दीपांशु रहे अव्वल



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ गोंदिया एवं जी एच रायसोनी खेल एवं कल्चर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गोंदिया महाराष्ट्र में 16 फरवरी को ओपन रैपिड चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

स्पर्धा में महासमुंद जिले के दीपांशु पटले ने अच्छे प्रदर्शन करते हुए 7 में से 5 पॉइंट बनाकर अंडर 15 आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। दीपांशु की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ शतरंज संघ से विनोद राठी, हेमंत खुटे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे एवं केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

### कूड़ो राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार में 120 शामिल हुए रैफरी बनने



**रायपुर।** कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार का आयोजन 15 व 16 फरवरी क्रो मठपुरैना हाई स्कूल में रखा गया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश पुरी गोस्वामी शहीद राजीव पाण्डेय अवार्डी व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी (प्रदेश महामंत्री आपक्स छत्तीसगढ़) थे। अध्यक्षता राजा कौशल ने की। विशेष अतिथि संतोष निर्मलकर, कमलेश राजपूत सचिव बिलासपुर, डॉ. गणेश मिश्रा और संजय निर्मलकर थे। प्रदेश से 120 प्रतिभागी रेफरशिप परीक्षा में शामिल हुए और रेफरी क्लिनिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य रेफरी व निर्णायक की परीक्षा उत्तीर्ण की।

### इंडियन ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में आरिश ने जीता कांस्य

**रायपुर।** मुंबई में चल रही इंडियन ओपन



पिकलबॉल टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक डबल्स के मुक़ाबले में छत्तीसगढ़ के आरिश अगा चौबे और वर्शित की जोड़ी ने नेहन और कवीर मेहता की जोड़ी को 15-5 से पराजीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर 14 बालक एकल के मुक़ाबले में आरिश अगा चौबे ने मिहित धनेजा को 15-9 से पराजीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में सम्पन्न सभी नेशनल एवं इंटर नेशनल टूर्नामेंट मे आरिश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किये है. राज्य ओलम्पिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया एवं छ्ग पीकलबाल संघ के समस्त पदाधिकारीयों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे क्रिकेट जारी

# प्लेट ग्रुप में मुकाबले में उतरी छत्तीसगढ़ की 14 टीमें, पहले दिन रायपुर, नारायणपुर, बस्तर और दुर्ग ने दर्ज की शानदार जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 17-19 फरवरी श्रृंखला में पहले दिन 6 मैच खेले गये।

### सरगुजा के विरुद्ध जशपुर 477 रनों से पीछे

ग्रुप ए का तीसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर एवं सरगुजा के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 130.1 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 639 रन बनाये हैं। सरगुजा की ओर से हरविंदर सिंह ने शानदार 320 रन तथा हर्ष दुबे ने नाबाद 109 रनों का योगदान दिया। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर ने अपनी पहली पारी में 44 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना लिये है। जशपुर की ओर से सुयश वस्त्राकर ने 89 रन नाबाद तथा प्रभात आनंद ने 41 रन नाबाद बनाये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर 477 रनों से पीछे है।



### कवर्धा के विरुद्ध नारायणपुर की 80 रनों से जीत

ग्रुप सी का पांचवा तीन दिवसीय मैच नारायणपुर एवं कवर्धा के मध्य सिविक सेंटर भिलाई के मैदान में खेला गया। नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नारायणपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 74.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 432 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से चेतन श्रीवास ने सर्वाधिक 214 रन तथा यश कुमार वर्दा ने 100 रन बनाये। वहीं कवर्धा की ओर से विकास यादव ने 4 विकेट, देव कुमार साहू एवं राहुल कुमार सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा ने अपनी पहली पारी 39 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाये। कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी ने नाबाद 85 रन तथा नकुल धाकरे ने 52 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से शाश्वत यादव ने 5 विकेट तथा अल्तमश ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी कवर्धा ने अपनी दूसरी पारी में 37 ओवरों में 10 विकेट खोकर 171 रन ही बना पायी। कवर्धा की ओर से सुगत लहरे ने 44 रन तथा विकास यादव ने 33 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से तन्मय वर्दा ने 3 विकेट, अल्तमस, जयराम तथा राहुल जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। नारायणपुर ने मैच एक पारी तथा 80 रनों से जीत लिया।

### कोरिया के विरुद्ध रायपुर ब्लू की 76 रनों से जीत

ग्रुप सी का छठवां तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं रायपुर ब्लू के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 108.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से गगनदीप सिंह ने 131 रन, अवनीश सिंह धालीवाल ने 96 रन तथा किवनूर सिंह छाबड़ा ने 67 रन बनाये। वहीं कोरिया की ओर से हरविंदर सिंह रैना ने 3 विकेट तथा घनश्याम केवट ने 2 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने अपनी पहली पारी में 28.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 95 रन ही बनाये। कोरिया की ओर से घनश्याम केवट ने 27 रन तथा अमित कुमार यादव ने 24 रनों का योगदान दिया। रायपुर ब्लू की ओर से गौरव चतुर्वेदी ने 4 विकेट तथा मों. सुहैल ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी कोरिया अपनी दूसरी पारी में 46.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 256 रन ही बनाये। कोरिया की ओर से हरविंदर सिंह रैना ने 52 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से गौरव चर्तुवेदी ने 3 विकेट तथा गगनदीप सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच एक पारी तथा 76 रनों से जीत लिया है।

### कांकेर के विरुद्ध बस्तर की 32 रनों से जीत

ग्रुप बी का पहला तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं कांकेर के मध्य धमतरी में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 59.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाये। बस्तर की ओर से अब्दुल अनस खान ने सर्वाधिक 109 रन तथा सौरभ मजुमदार ने 22 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से विवेक कुमार ने 5 विकेट तथा टी अद्रवित ने 4 विकेट प्राप्त किये। कांकेर अपनी पहली पारी में 18.2 ओवरों में 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। कांकेर की ओर से ए के नरेती ने सर्वाधिक 13 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजुमदार ने 5 विकेट तथा पलाश मंडल ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलते हुये कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 33.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 131 रन ही बनाये। कांकेर की ओर से शशांक नेताम ने 44 रन तथा तौकीर ने 41 रनों का योगदान दिया। बस्तर की ओर से सौरभ मजूमदार तथा अनस खान ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच एक पारी तथा 32 रनों से जीत लिया।



हरविंदर सिंह ने बनाए शानदार 302 रन

### राजनांदगांव के विरुद्ध दंतेवाड़ा 212 रनों से पीछे

ग्रुप बी का दुसरा तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं दंतेवाड़ा के मध्य कांकेर में खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 48.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाये। दंतेवाड़ा की ओर से अनीश नागेश ने सर्वाधिक 48 रन तथा तौफिक अहमद ने 30 रन बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 6 विकेट तथा विवेक बोरकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 83.5 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 413 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। राजनांदगांव की ओर से गौरव मिश्रा ने 155 रन यश ठाकुर ने 149 रन तथा देवराज साहू ने 86 रन बनाये। दंतेवाड़ा ने अपनी दूसरी पारी में 43 ओवरों में 6 विकेट खोकर 72 रन बना लिये है। दंतेवाड़ा की ओर से सक्षम शर्मा ने 30 रन नाबाद बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से अरीन द्विवेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक दंतेवाड़ा 212 रनों से पीछे है।

### धमतरी के विरुद्ध दुर्ग की 9 विकेट से जीत

ग्रुप डी का पहला तीन दिवसीय मैच दुर्ग एवं धमतरी के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 46.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाये। धमतरी की ओर से युवराज साहू ने सर्वाधिक 49 रन तथा विवेक चंदन ने 29 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से अमन साहू ने 5 विकेट तथा विजय यादव ने 3 विकेट प्राप्त किये। दुर्ग ने अपनी पहली पारी में 48.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये। दुर्ग की ओर से विजय यादव ने 60 रन, सिद्धार्थ सिंह ने 41 रन तथा अर्पित श्रीवास्तव ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने 5 विकेट तथा युवराज साहु ने 3 विकेट प्राप्त किये। धमतरी ने अपनी दूसरी पारी में 31.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाये। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। दुर्ग की ओर से विजय यादव तथा जितेश वर्मा ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। 53 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग ने 6.4 ओवरों में 56 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। दुर्ग के लिये सिद्धार्थ सिंह ने 29 रन बनाये। दुर्ग ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

-



# बच्चों के लिए बेहद जरूरी है बैड टच और गुड टच के बारे जानना

बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं।

आधुनिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ असहज विषयों पर चर्चा करने से नहीं कतराते, क्योंकि वे जानते हैं कि छोटे बच्चों को सही ज्ञान देना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद मिल सके। बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने बच्चों को गुड टच और बैड के बारे में कैसे समझा सकते हैं और उन्हें सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

### क्या है गुड टच?



किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति से होता है और प्यार और देखभाल की तरह लगता है। वह गुड टच यानी कि अच्छा स्पर्श है। सिर या पीठ पर थपकी, गले लगाना जो मजबूरी या दबाव महसूस न कराए, अच्छा स्पर्श है। इस तरह का टच बच्चे को सुरक्षित महसूस कराता है।

### क्या है बैड टच?

कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति के बिना होता है बुरा स्पर्श यानी कि बैड टच कहलाता है। यह सुरक्षित महसूस नहीं कराता है और शारीरिक दर्द भी पैदा कर सकता है। यह बच्चे को असहज महसूस कराने लगता है। निजी शरीर के अंगों को दबाना या छूना या असहज रूप से करीब होना बुरा स्पर्श कहलाता है।

### बच्चों को गुड और बैड टच में कैसे बताएं अंतर?

बच्चे मासूम होते हैं और उन्हें अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करना सिखाया जाता है। वे उचित और अनुचित स्पर्श के बीच अंतर नहीं कर सकते हैं और दूसरों द्वारा आसानी से धोखा भी खा सकते हैं। बच्चों को कम उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि हर किसी की एक शारीरिक सीमा होती है, जिसे बिना सहमति के पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि उनकी मां या कुछ खास देखभाल करने वालों के अलावा किसी को भी उनके निजी अंगों को देखने या छूने की अनुमति नहीं है।

जब बच्चों को यह जानकारी दी जाती है, तो वे समझ जाते हैं कि कोई उनके साथ छेड़छाड़ या दुर्व्यवहार करने की कोशिश कर रहा है। वे गलत व्यवहार को पहचान लेंगे और अपने माता-पिता को इसकी सूचना देंगे। लेकिन अगर उन्हें इसके बारे में नहीं सिखाया जाता है, तो उन्हें धोखा देकर अधीनता में लाया जा सकता है।



# रोटी बनेगी एकदम सॉफ्ट, अगर अपनाएंगे ये टिप्स

रोटी को सॉफ्ट रखने के टिप्स और ट्रिक्स क्या आपको पता है? अगर नहीं पता, तो हमारा यह लेख आपको कुकिंग प्रो बनाने में मदद करेंगे। रोटी बढ़िया तरीके से फूलेगी भी और लंबे समय तक सॉफ्ट रहेगी।

आटे को गूंथना मुश्किल नहीं है, लेकिन अगर उससे रोटी कड़क हो रही है तो हो सकता है आप ठीक से आटा नहीं गूंथ रहे हैं। वहीं, ऐसी कई सारी चीजें होती हैं जो आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। इससे रोटी भी मुलायम बनती है। कुछ लोग आटा गूंथते वक्त आटे में गुनगुना दूध डालते हैं। कुछ बेकिंग सोडा या दही डालकर आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। क्या आपने कभी आटे में इन सीक्रेट इंग्रीडिएंट्स को डालकर देखा है?

अगर नहीं, तो हम आज आपको एक अन्य सीक्रेट इंग्रीडिएंट के बारे में बताएंगे, जो आपकी रोटी को सॉफ्ट भी बनाएगा और लंबे समय तक फ्रेश रखेगा। साथ ही, इस लेख में रोटियों को अच्छे से पैक करने के हैक्स भी जानें।

### रोटी कड़क क्यों हो जाती है?

अगर आटे में पानी की मात्रा सही नहीं होगी, तो रोटी सूख सकती है। बहुत टाइट या बहुत ढीला आटा भी रोटी की सॉफ्टनेस को प्रभावित करता है। बहुत ज्यादा गरम तवे पर रोटी जल सकती है, जबकि ठंडे तवे पर यह अच्छी तरह फूलेगी नहीं। इतना ही नहीं, अगर आप रोटी को ढककर नहीं रखते हैं, तो भी यह जल्दी हार्ड हो सकती है।



### मैदे से कैसे सॉफ्ट होगी रोटी?

मैदा डालकर रोटी को और भी ज्यादा नरम बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको सिर्फ एक चम्मच मैदा आटे में मिलाना है। इससे रोटी का टेक्सचर सॉफ्ट हो जाता है और यह जल्दी सूखती नहीं

इसके लिए आटा गूंथने से पहले उसमें थोड़ा-सा मैदा डालें। अगर आपने 2 कप गेहूं के आटा लिया है, तो उसमें 1 चम्मच मैदा और थोड़ा गुनगुना दूध डालें। आटे को ठंडे पानी से गूंथने की जगह हल्के गुनगुने पानी से आटा तैयार करें और इसे कम से कम 20 मिनट ढककर रखें।

# फाल्गुन माह में करें गीता के श्लोक का जाप, मिल सकते हैं अनेक लाभ

इन दिनों फाल्गुन माह चल रहा है और इस माह में भगवान शिव, भगवान विष्णु और राधा-कृष्ण की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि फाल्गुन माह में कोई भी किया गया धार्मिक कार्य 100 गुना होकर वापस मिलता है। ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट बताते हैं कि फाल्गुन माह में भगवद गीता के एक श्लोक का निरंतर रोजाना जाप करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं। भगवद गीता में एक श्लोक वर्णित है- 'अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाह परयुपासते।' इस श्लोक का अर्थ हैः जो लोग मुझे केवल अपने हृदय में सोचते हैं और मेरी पूजा करते हैं, मैं उन्हें सभी परेशानियों से मुक्त करता हूं।इस श्लोक में भक्ति योग का अद्भुत संदेश है। इसमें भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि जो भक्त बिना किसी भेदभाव के केवल उनका ध्यान करते हैं, भगवान उन्हें अपनी कृपा से हर मुश्किल से उबार ही लाते हैं। फाल्गुन माह में रोजाना इस श्लोक का जाप करने से भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा होती है।



# कीगल एक्सरसाइज इन दिनों ट्रेंड में, पुरुषों और महिलाओं की सेहत के लिए है फायदेमंद

### कीगल एक्सरसाइज क्या है?

कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए की जाती हैं, जो मूत्राशय, गर्भाशय और मलाशय का समर्थन करती हैं। यह एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को कसने और ढीला करने की प्रक्रिया पर आधारित है।



### कीगल एक्सरसाइज क्या काम करती है?

कीगल एक्सरसाइज से पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे मूत्राशय की समस्याएं, पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स और यौन समस्याओं में सुधार हो सकता है।

### किसे कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए?

कीगल एक्सरसाइज महिला और पुरुष दोनों कर सकते हैं। यह एक्सरसाइज वैसी महिलाओं को करनी चाहिए जिनकी डिलीवरी हुई हो या जिनमें मेनोपॉज के लक्षण हों। वहीं, पुरुषों की बात करें तो मूत्राशय की समस्याओं या यौन समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों को कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसका काफी लाभ मिलता है।

### प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज

प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, जो डिलीवरी और पोस्टनैटल रिकवरी में मदद कर सकती हैं।

### पेल्विक फ्लोर की मसल्स को कैसे पहचानें?

मूत्र प्रवाह को रोकें मूत्र करते समय प्रयास करें कि प्रवाह को रोक सकें। जिस मांसपेशी का इस्तेमाल आप कर रहे हैं, वही पेल्विक फ्लोर की मांसपेशी है।

### मांसपेशी की संकुचन को महसूस करें

उंगली को योनि या मलद्वार में डालें और मांसपेशी को कसें। आपको संकुचन महसूस होना चाहिए।वैसे तो कीगल एक्सरसाइज तीन तरह- बैठकर, खड़े होकर या लेटे हुए भी कर सकते हैं।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निर्देशन में उतरेंगी 'टाइटेनिक' फेम केट विंसलेट, जल्द शुरू होगी 'गुडबाय जून'

'टाइटैनिक' फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं।




हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं।

इस फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म की पटकथा विंसलेट के पूर्व पति सैम मेंडेस के बेटे जो एंडर्स ने लिखी है। केट सोलोमन विंसलेट के साथ मिलकर इसका निर्माण करेंगी। नेटफ्लिक्स ने 'गुडबाय जून' को एक दिल को छू लेने वाला और हास्यास्पद बताया है। ₹इसमें भाई-बहनों का एक टूटा हुआ समूह अचानक और कठिन परिस्थितियों में एक साथ आता है।₹ यह फिल्म जल्द ही यूके में फ्लोर पर आएगी। विंसलेट ने हाल ही में एचबीओ की सीरीज 'द रेजीम' में अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें 'गोल्डन ग्लोब' नामांकन भी मिला, जिससे उन्हें एक ही समारोह में कई भूमिकाओं के लिए नामांकित होने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने 2009 में 'द रीडर' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर भी जीता है। केट विंसलेट की कुछ शानदार फिल्में हैं, जिसे आप देख सकते हैं। जिसमें 'इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड', 'द रीडर', 'सेंस एंड सेंसिबिलिटी', 'रिवोल्यूशनरी रोड', 'लिटल चिल्ड्रेन', 'द हॉलीडे' शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## दर्शन के जन्मदिन पर जारी हुआ 'द डेविल' का टीजर, एक्शन अवतार दिखे अभिनेता

अभिनेता दर्शन थुगुदीपा अपने प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। हत्या के आरोप के बावजूद अभिनेता के पास तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अभिनेता के 48 वें जन्मदिन को यादगार बनाने उनकी अगली फिल्म 'द डेविल' का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी निर्माताओं ने जारी कर दिया है।




1 मिनट और 4 सेकंड के टीजर में दर्शन को एक क्रूर गैंगस्टर के रूप में बिल्कुल भयावह रूप में दिखाया गया है। अभिनेता एक क्लब में दिखाई देते हैं, जब विरोधी उनके साथ दुश्मनी मोल लेते हैं। टीजर में जबरदस्त एक्शन सीन्स भी दिखाए गए हैं। वीडियो में दर्शन का भी खास अंदाज देखने को मिला है। 'द डेविल' का निर्देशन प्रकाश वीर ने किया है और जे जयम्मा ने श्री जयमाता कम्बाइन्स के बैनर तले इस प्रोजेक्ट को निर्मित किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रचना राय के अलावा महेश मांजरेकर, जीशु सेनगुप्ता, मुकेश ऋषि और कई अन्य कलाकार भी हैं। सुधाकर एस राज ने फिल्म के लिए कैमरा संभाला है, जबकि बी. अजनीश लोकनाथ ने इस प्रोजेक्ट के लिए संगीत तैयार किया है। कानूनी परेशानियों के कारण थोड़े समय के अंतराल के बाद 'द डेविल' से दर्शन थुगुदीपा सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। अभिनेता को पिछले साल जून में फार्मासिस्ट रेणुकास्वामी की कथित हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी थी। दर्शन की गिरफ्तारी के कारण फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी, हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार उनकी जमानत के बाद फिल्म पर काम फिर से शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया था। उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनके अटूट प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि यह उनका प्यार ही है, जिसने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है।

### भोजपुरी

## बिन माई की बेटी ने सहा सितम, रानी की 'जय संतोषी मां' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी, स्मृति सिन्हा और एक्टर जय यादव की फिल्म 'जय संतोषी मां' का फर्स्ट लुक और ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। जी बायस्कोप इस फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर जल्द ही किया जाएगा। यह फिल्म रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर तले बनी है, जिसके निर्माता निशांत उज्जवल और धर्मेंद्र के मेहरा हैं। फिल्म के निर्देशक रवि सिन्हा ने इस पौराणिक और भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म को एक भव्य प्रस्तुति देने की पूरी कोशिश की है।



फिल्म का ट्रेलर यशी फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेलर में मां संतोषी की भक्ति, श्रद्धा और उनके चमत्कारी प्रभाव को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया है। रानी चटर्जी और जय यादव की जोड़ी स्क्रीन पर दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। साथ ही, स्मृति सिन्हा ने भी अपनी विशेष भूमिका में जान डाल दी है। निशांत उज्जवल ने कहा, 'फिल्म जय संतोषी मां मेरे लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक आस्था और भक्ति से जुड़ी यात्रा है। हमने इसे पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ बनाया है। ताकि दर्शकों तक मां संतोषी की महिमा और उनकी कृपा का संदेश पहुंचे। इस फिल्म में भक्ति, संगीत, और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जो निश्चित रूप से दर्शकों को प्रभावित करेगा।'

### लाइफ स्टाइल

## वेनेजुएला की बहार

वेनेजुएला ने छह मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया है, जो फैशन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के साथ देश के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। ये उपलब्धियाँ वेनेजुएला के पारंपरिक कपड़ों में छिपी एक गहरी कहानी बयां करती हैं। यहां की समृद्ध विरासत 3 करोड़ से ज़्यादा लोगों के देश का प्रतिनिधित्व करती है। वेनेजुएला के पारंपरिक कपड़े देश की सांस्कृतिक विविधता के सबूत के तौर पर काम करते हैं।



## ग्लोइंग स्किन पाने ले रही हैं विटामिन ई का कैप्सूल, इन बातों का रखें खास ध्यान

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।

### फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

### मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

### धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।



### एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

विटामिन ई कैप्सूल हर किसी की स्किन पर सूट नहीं करता है । इसलिए स्किन पर इस्तेमाल करने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह लें साथ ही, पैच टेस्ट भी करें।

### इस बात का रखें खास ध्यान

अगर आपकी स्किन पर मुंहासे या एक्ने हैं तो आप विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल न करें। अगर आप इसे स्किन पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

## बाहर जाना है तो न्यू लुक के लिए वियर करें को-ऑर्ड




फैशन की इस दुनिया हर दिन एक नया तरह का आउटफिट लॉन्च होता हैं और इन सबके बीच कुछ ऐसे आउटफिट होते हैं जिन्हें महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए वियर करना पसंद करती हैं। वहीं इन दिनों को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप किसी पार्टी या कहीं घूमने जा रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती है तो आप ये को-ऑर्ड वियर कर सकती हैं।



### डेनिम को-ऑर्ड

इस तरह का डेनिम सेट पार्टी या आउटिंग दोनों ही मौकों पर वियर करने के लिए बेस्ट है। इस तरह के डेनिम को-ऑर्ड जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस डेनिम को-ऑर्ड में अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप चेन नेकलेस वियर कर सकती हैं साथ ही, हाथों में ब्रेसलेट और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आपको 700 से 1,000 रुपये की कीमत में मिल सकता है।

### रैप को-ऑर्ड सेट

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के रैप डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का को-ऑर्ड सेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में अपने लुक कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग इयररिंगस साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट को आप 1,000 से 1,500 रुपये में कई सारे पैटर्न में खरीद सकती हैं। न्यू लुक के लिए इस तरह के प्रिंट डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### स्लीवलेस को-ऑर्ड

घूमने के दौरान आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा साथ ही आप कंफर्टेबल भी रहेगी। इस को-ऑर्ड सेट में अपना लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप स्नीकर्स साथ ही फ्लैट्स पहन सकती हैं।

## शेयर करती हैं मेकअप तो पहले जान लें इसके बड़े नुकसान

चाहे वह लिपस्टिक हो, काजल हो या हो मेकअप ब्रश, इन सभी चीजों को शेयर करने से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से फैल सकते हैं। आइए जानते हैं मेकअप शेयर करने से होने वाले बड़े नुकसानों के बारे में।

कई बार लड़कियां अपनी सहेलियों के साथ मेकअप प्रोडक्ट्स शेयर भी कर लेती हैं, जोकि बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ये आदत आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स और इन्फेक्शन का शिकार बना सकती है।

### ब्रश इस्तेमाल करने से स्किन इंफेक्शन का खतरा

जब आप दूसरों के साथ मेकअप ब्रश शेयर करती हैं, तो बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से कई बार किसी और के मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद बैक्टीरिया आपकी त्वचा में पिंपल्स, रैशेज और एलर्जी पैदा कर सकते हैं। खासतौर पर ये दिक्कत तब आती है, जब आप किसी और के इस्तेमाल किए हुए ब्रश इस्तेमाल करती हैं। आई मेकअप शेयर करने से होता है ये खतरा



कभी भी आई मेकअप तो गलती से भी शेयर नहीं करना चाहिए। मस्कारा, आईलाइनर और काजल जैसे प्रोडक्ट्स में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इन्हें शेयर करने से कंजक्टिवाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आई मेकअप खुद भी इस्तेमाल करें तो पहले ब्रश को अच्छी तरह से साफ अवश्य कर लें।

### लिपस्टिक शेयर करने के नुकसान

वैसे तो लिपस्टिक हर लड़की के बैग में रखी रहती है, लेकिन कई बार जब किसी और का शेड पसंद आता है तो हम उसे मांग के ला लेते हैं।

## बदलते मौसम में तेजी से झड़ने लगे हैं बाल तो इस्तेमाल करें ये घरेलू नुस्खे

फरवरी का महीना चल रहा है, ऐसे में बदलते मौसम में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। जहां अभी तक लोगों की हालत ठंड से बेहाल थी, वहीं अब गर्मी से लोग परेशान होने लगे हैं। दिन के समय तो तेज धूप भी आने लगी है, जिस वजह से लोग काफी परेशान हैं। इस मौसम का असर सीधा-सीधा लोगों की त्वचा और उनके बालों पर पड़ने लगा है। ऐसे में बालों का झड़ना तो बेहद ही आम समस्या है। यदि आप भी इस बदलते मौसम में हेयर फॉल से परेशान हैं तो इसके लिए यहां हम आपको कुछ नुस्खे देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### मेथी और नारियल तेल आएगा काम

यदि आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। दरअसल, नारियल तेल बालों के लिए प्राकृतिक कंडीशनर का काम करता है, जबकि मेथी में मौजूद तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। इस पैक के इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच मेथी दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसे गुनगुने नारियल के तेल में



मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। हल्के हाथों से सिर की मसाज करें और 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें।

### आंवला और दही का मास्क

बालों के लिए आंवला काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में 2 चम्मच आंवला पाउडर में 2 चम्मच दही मिलाएं।

### कार्नर न्यूज

## कपड़े से लेकर जूते और हेयर स्टाइल के अलावा और भी बहुत कुछ है ध्यान

## पार्टी में छा जाने की हसरत है तो पहले याद रखिए जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

*पार्टी में जाने की तैयारी पूरी है, कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल भी परफेक्ट लग रहा है। लेकिन यकीन मानिए कि आप अभी भी तैयार नहीं हैं। ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।*



### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-एक दिन पहले एक्सफोलिएट कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।

इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है। इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है। इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं।

